# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 43.6 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री



रिवरव्यू में लहरा रहा फटा तिरंगा।

## खबर संक्षेप

### वेंकटेश जी ट्रस्ट हॉस्पिटल में निःशुल्क सेवा कल

**बिलासपुर।** सरकंडा स्थित मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट द्वारा संचालित निःशुल्क अस्पताल में रविवार 26 अप्रैल को डॉ. अनिल श्रीवास्तव एवं डॉ. नील माधव सेवाएं देंगे। यह सुविधा केवल बीपीएल कार्डधारियों के लिए है।

### एयू के प्रभारी कुलसचिव के साथ मारपीट

**बिलासपुर।** सड़क पर पासिंग को लेकर फार्च्युनर चालक और एयू के प्रभारी कुलसचिव आपस में भीड़ गए। देखते ही देखते फार्च्यूनर सवार ने कुल सचिव से मारपीट कर दी। कुलसचिव की रिपोर्ट पर तोरवा पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। एयू के कुलसचिव तारनीश गौतम पिता कमल प्रसाद गौतम गुरूवार की सुबह 9.15 मिनट पर अपने घर से विश्वविद्यालय जाने निकले थे, वे अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एएस 8613 को स्वयं ही चला रहे थे। तोरवा स्थित स्वास्तिक हास्पिटल के पास पहुंचे थे कि हार्न के साथ ओवर टेक करने की कोशिश कर रहे थे कि अचानक सफेद रंग की फार्च्युनर क्रमांक सीजी 10 एटी 0017 उनके सामने आ जाती है। फार्च्यूनर सवार ने उनके साथ मारपीट कर दी, कार सवार दो व्यक्तियों ने जान से मारने की धमकी दी। कुलसचिव की शिकायत पर तोरवा पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है, आरोपियों की तलाश जारी है। देर रात तक आरोपी पकड़े नहीं गए थे।

### रेलवे की जमीन पर वन विभाग ने किया था काम

# 5 करोड़ का आक्सीजोन बदहाल, मंदिर में लगी मूर्ति को भी चोरों ने नहीं छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे की चुचुहियापारा नयापारा की ओर खाली जमीन पर वन विभाग ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर आक्सीजोन का काम किया। इसमें सैकड़ों पौधों का रोपण करने के साथ बोरिंग, मंदिर व अन्य निर्माण कार्य भी किए गए। पांच साल तक देखरेख करने के बाद विभाग ने इसे भगवान भरोसे छोड़ दिया है। इसकी वजह से यहां बनाए गए मंदिर की मूर्तियों के साथ बाउंड्रीवाल की फेंसिंग भी चोरी हो गई है।

वर्ष 2014 में राज्य शासन के निर्देश पर वन विभाग ने बिलासपुर के चुचुहियापारा इलाके में रेलवे की 27 एकड़ भूमि पर आक्सीजोन विकसित करने के लिए 3 करोड़ रुपए खर्च किए थे। इस परियोजना के तहत मिश्रित प्रजातियों साल, साजा, मुंडी, धावड़ा, पीपल, बहेड़ा, जामुन, आम, सीताफल, आंवला आदि लगभग 8,140 छायादार और फलदार पौधे लगाए गए थे। इस योजना के तहत वन विभाग ने 5 साल तक इन पौधों की देखभाल की, जिसमें पानी का छिड़काव और अन्य रख-रखाव कार्य शामिल थे। पौधों की देखभाल और सुरक्षा के लिए शुरू में दो चौकीदार लगाए गए थे, लेकिन 5 साल के बाद वन विभाग ने इनकी निगरानी पर ध्यान देना बंद कर दिया। इसके बाद चौकीदारों ने भी ड्यूटी छोड़ दी, और कोई भी अधिकारियों ने इस क्षेत्र पर ध्यान नहीं दिया। इसका फायदा असामाजिक तत्वों ने उठाया। आक्सीजन जोन की सुरक्षा के लिए लगाई गई बाउंड्री वॉल और फेंसिंग पोल के साथ मंदिर में रखी मूर्तियां चोरी हो गए, और असामाजिक तत्वों ने इसे अपना ठिकाना बना लिया। अब यह क्षेत्र शराबियों और जुआरियों का अड्डा बन चुका है, जो सूरज ढलते ही यहां शराब पीने और जुआ खेलने आते हैं। वहीं चारों ओर फेंसिंग और पोल नहीं होने की वजह से मवेशी भी अंदर घुस रहे हैं।



पांच साल देखरेख करने के बाद छोड़ दिया भगवान भरोसे





### कट चुके हैं हजारों पेड़

आक्सीजन जोन की देखभाल की कमी के कारण आसपास के लोग पेड़ों की कटाई करने लगे। इस क्षेत्र में लगाए गए 8,140 पौधों में से सैकड़ों पेड़ अब कट चुके हैं, और अब वहां छायादार और फलदार वृक्षों का अभाव है। आक्सीजन जोन पहले हरा-भरा दिखाई देता था, लेकिन अब यह विकृत और अनुपयुक्त हो चुका है।

### जमीन रेलवे की सुरक्षा कुछ नहीं

चुचुहियापारा नयापारा पानी टंकी के सामने आक्सीजोन को बनाया गया है, वह रेलवे की जमीन पर है। रेलवे अपनी जमीन पर बेजाकब्जा करने तो देती नहीं है। वहीं रेलवे क्षेत्र में रखी रेल संपत्ति व अन्य सामानों की चोरी को रोकने के लिए आरपीएफ चौकसी करती है, लेकिन आक्सीजोन से हजारों का सामान पार कर दिया गया है। इसे देखने वाला भी कोई नहीं है।

### ली जाएगी जानकारी

रेलवे की जमीन पर आक्सीजोन का निर्माण कब किया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। पेड़ पौधों की देखभाल और उसकी सुरक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है। अगर वहां चोरी व अन्य घटनाएं हो रही हैं तो इसकी जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा 1 करोड़ की ठगी, दंपती की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शेयर ट्रेडिंग में 10 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर दो लोगों से 96 लाख रूपए की ठगी की गई है। मामले में ठगी को अंजाम देने वाले भी पति पत्नी हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

मामला सिविल लाइन थाने का है। पुलिस के अनुसार सरकंडा बुधिया एनक्लेव निवासी शिल्पा श्रीवास्तव पति पीएस श्रीवास्तव की किटी पार्टी के दौरान सोनाली सरकार से जान पहचान वर्ष 2024 में हुई। सोनाली सरकार पति अभिजीत सरकार मुंगेली नाका अनिल टाह गली स्थित लेबनान कोड की संचालिका है और शुभम विहार आकाश मार्ग श्याम परिसर में रहती हैं। सोनाली ने श्रीवास्तव दंपती को स्टॉक ट्रेडिंग एंड इन्वेस्टमेंट कंपनी में पैसा लगाने पर प्रतिमाह 10 प्रतिशत मुनाफे का झांसा दिया। श्रीवास्तव दंपती ने लालच में आकर 2024 से 2025 तक 91 लाख रुपए कंपनी में ऑनलाइन और नकद के माध्यम से दिया। शुरूआती महीनों में इसका फायदा भी उन्हें हुआ और लालच के चलते मुनाफे की रकम भी कंपनी में ही लगाते रहे। कुछ महीनों बार 10 फीसदी का मुनाफा आना बंद होने पर श्रीवास्तव दंपती ने पतासाजी शुरू की और सोनाली व उसके पति अभिजीत सरकार के कार्यालय पहुंचे। जहां उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। खास बात यह है कि श्रीमती श्रीवास्तव ने अपना घर व सोने के जेवर लोन में रखकर पैसा ट्रेडिंग कंपनी में पैसा लगाया है। इसी तरह अमरैया चौक कृष्णा पैलेस निवासी अनुराग सिंह पिता सुमन सिंह ने लालच में आकर सरकार की कंपनी में 5 लाख रूपए जमा किया था। बताया जा रहा है कि ट्रेडिंग कंपनी में मोटी रकम का लालच देकर कई लोगों से ठगी की गई है, थाने में लगातार पीड़ितों की शिकायत की संख्या बढ़ रही है। पुलिस ने शिल्पी श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर सोनाली सरकार व उसके पति अभिजीत सरकार के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 मई तक

**बिलासपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2026 तक के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन पत्र 1 मई से 31 मई तक शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग तृतीय तल बिलासपुर में जमा किए जा सकेंगे। बिलासपुर संभाग के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा की गई है कि उनके विभाग एवं कार्यालय में पदस्थ वे लिपिक कर्मचारी, जिन्होंने तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली है, इच्छुक होने पर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करें। पूर्व में आवेदन कर चुके कर्मचारियों को भी पुनः आवेदन करना अनिवार्य होगा।










## निधन

### डॉ सुनील वर्मा



बिलासपुर। गोंड़पारा निवासी डा. सुनील वर्मा पिता स्व. कैलाश चंद्र का 24 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे रितवन चिन्मय के पिता एवं डा. राहुल वर्मा के बड़े पिता थे।

### सदन लाल सोनी



बिलासपुर। गोड़पारा निवासी सदन लाल सोनी का 24 अप्रैल को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे नीरज सोनी के चाचा थे।

### राजेंद्र विश्वकर्मा



बिलासपुर । जूना बिलासपुर हटरी चौक निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा का 24 अप्रैल शुक्रवार को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 9 बजे उनके निवास से मधुबन श्मशान घाट के लिए निकलेगी । वे कल्याणी विश्वकर्मा के पति, अमित और अनूप विश्वकर्मा के पिता थे।

### शीला बाजपेई



बिलासपुर। तिलक नगर निवासी शीला बाजपेई का 24 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. भगवानदीन और स्व. सुशीला बाजपेई की पुत्री, संजय व सुनील बाजपेई की बहन और आकाश बाजपेई की बुआ थीं।

### सूरज कश्यप



तखतपुर। ग्राम मसना निवासी सूरज कश्यप का 22 वर्ष की आयु में 24 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मसना में किया गया। वे मनोज कश्यप के पुत्र थे।

### मेलऊ राम कौशिक



बेलतरा। ग्राम भरनी के प्रतिष्ठित व्यक्ति मेलऊ राम कौशिक की 86 वर्ष की उम्र में 23 अप्रैल गुरुवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम भरनी में संपन्न हुआ। वे रामकुमार, पुरुषोत्तम, बजरंग, इंद्राणी एव कल्याणी कौशिक के पिता थे।

### पुलिस लाइन में डिजिटल, इलेक्ट्रानिक व डीएनए साक्ष्य विषय पर कार्यशाला

# अपराधों के अनुसंधान में डिजिटल एवं फॉरेन्सिक साक्ष्यों की भूमिका महत्वपूर्ण

**मुंगेली।** बिलासपुर रेन्ज पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के दिशा निर्देशन व संचालक एफएसएल रायपुर सुशील द्विवेदी के विशेष सहयोग से मुंगेली वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में जिला पुलिस द्वारा 24 अप्रैल को डिजिटल इलेक्ट्रानिक एंड डीएनए एविडेंस इन परस्यूट आफ जस्टिस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकी साक्ष्यों जैसे डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक एवं डीएनए साक्ष्यों के महत्व, उनके वैज्ञानिक संग्रहण, संरक्षण एवं न्यायालय में प्रस्तुतिकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। इस दौरान विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक फोरेन्सिक (एफएसएल) रायपुर एवं डॉ. स्वाति कुजूर, वैज्ञानिक अधिकारी फोरेन्सिक (एफएसएल) बिलासपुर एवं डॉ. ज्योत्सना लकड़ा, वैज्ञानिक अधिकारी मुंगेली ने बताया कि वर्तमान समय में अपराधों के अनुसंधान में डिजिटल एवं फॉरेन्सिक साक्ष्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

मोबाइल, लैपटॉप, सीसीटीवी फुटेज, सोशल मीडिया डेटा एवं डीएनए सैंपल जैसे साक्ष्य अपराध की सटीक जांच एवं अपराधियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसके संबंध मे पुलिस विवेचना अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह, रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रिस्ट तिग्गा बघेल, जिले के थाना, चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।






### आधुनिक तकनीक का करें उपयोगः एसएसपी

एसएसपी भोजराम पटेल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराध अनुसंधान के दौरान आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें, जिससे अपराधियों के विरुद्ध सशक्त साक्ष्य न्यायालय मे प्रस्तुत कर उन्हें शीघ्र सजा दिलाई जा सके।

### चुनौतियों व समाधान पर चर्चा

कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को साक्ष्य के सही तरीके से संकलन, सीलिंग, चेन ऑफ कस्टडी बनाए रखने, ई-साक्ष्य ऐप के प्रभावी उपयोग तथा न्यायालय में प्रभावी प्रस्तुतीकरण के संबंध में व्यवहारिक जानकारी दी गई साथ ही, साइबर अपराधों एवं तकनीकी अपराधों की जांच के दौरान आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह का वर्णन



**मल्हार।** ग्राम भरारी में ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक रूप से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन गुरूवार को मथुरा गमन, कंस उद्धार व रूखमणी विवाह की कथा का वर्णन कथावाचिका विदुषी पंकजा और प्रज्ञा ने किया। उन्होंने बताया कि, श्रीमद्भागवत पुराण के दसवें स्कंध में वर्णित रूखमणी विवाह प्रेम, भक्ति और वीरता की एक अद्भुत कथा है। विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को मन ही मन पति मान चुकी थीं, लेकिन उनका भाई रुक्मी उनकी शादी शिशुपाल से करना चाहता था। रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से कृष्ण को संदेश भेजा, जिसके बाद कृष्ण ने उनका हरण कर विवाह किया। उन्होंने कहा, यह विवाह इस बात का प्रतीक है कि, भगवान केवल प्रेम और अटूट भक्ति के भूखे हैं। श्रीमद्भागवत कथा में रूखमणी विवाह प्रसंग को बहुत ही आनंद और उत्सव के साथ सुनाया जाता है। वहीं शुक्रवार को सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा का रोचक व मार्मिक प्रसंग सुनाकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

## ग्राम पंचायत घोड़ामार में प्रवेश द्वार का भूमिपूजन

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत घोड़ामार में प्रवेश द्वार निर्माण हेतु भूमि पूजन सम्पन्न

घोड़ामार ग्राम पंचायत घोड़ामार में बहुप्रतीक्षित प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमिपूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक फेकूराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच डॉ संतोष साहू सहित सभी पंच और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। लंबे समय से ग्राम में प्रवेश द्वार निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पंचायत के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। इस



प्रवेश द्वार के निर्माण से न केवल ग्राम पंचायत की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि यह गांव की पहचान को भी एक नया स्वरूप देगा। ग्रामवासियों में इस कार्य को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला।

## संयुक्त टीम ने पकड़ी अवैध ईमारती लकड़ी

**लोरमी।** ग्राम अमलीकापा में अवैध लकड़ी के कारोबार के खिलाफ पुलिस एवं वन विभाग ने संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है।

जूनापारा पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर लाखों रूपये के सागौन, शीशम एवं साल की लकड़ी को ग्राम अमलीकापा में पिंकू खांडे पिता-गीता खांडे के घर से बरामद किया है। पुलिस एवं वन विभाग द्वारा जब्त वनोपज में 2.372 घन मीटर सागौन, 0.794 घन मीटर साल और 0.040 घन मीटर शीशम की लकड़ी को एवं एक नग चिरान मशीन को जप्त किया गया एवं जब्त वनोपज को कोटा सेल डिपो में रखा गया है। आरोपी टिंकू खाण्डे



पिता गीता खाण्डे के विरूद्ध वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से लकड़ी तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी संजीव सिंह अपने पुलिस स्टाफ सहित एवं वन विभाग के रेंजर नितिन लहरे, डिप्टी रेंजर सुरेश कुमार, नरेन्द्र बैसवाड़े, सूरज कुमार एवं उड़नदस्ता के प्रभारी अधिकारी डिप्टी रेंजर संगीता तिर्की सभी उपस्थित रहे।

## 55 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




जरहागांव। क्षेत्र में अवैध शराब उत्पादन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम तरकीडीह में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने और बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम तरकीडीह में एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब तैयार कर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना पर साइबर सेल एवं थाना जरहागांव की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपी राजेंद्र बंजारे 35 वर्ष निवासी ग्राम तरकीडीह के कब्जे से 55 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 5 हजार 500 को जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



## खबर संक्षेप

### आज से खोले जाएंगे खूंटाघाट बांध के गेट, भरे जाएंगे तालाब



**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में गांवों के तालाब सूखने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। ऐसे में उनमें जलभराव का जिम्मा एक बार फिर जिले के सबसे बड़े बांध खूंटाघाट पर ही है। निस्तारी तालाबों में जलभराव के उद्देश्य से बांध के गेट 25 अप्रैल से खोले जाएंगे। वैसे तो बांध के गेट तालाबों में जलभराव होने तक खुले रहेंगे, लेकिन कम से कम पंद्रह दिनों तक के लिए गेट खोले जाने की संभावना जताई गई है। गर्मी के दिनों में जब पानी के लिए चारों ओर हाहाकार मचता है तो इस समस्या का हल ढूंढने लोगों की नजर जिले के सबसे बड़े बांध खारंग जलाशय की ओर ही होती है। इस बार भी ऐसा ही होने वाला है। तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरने बांध के गेट खोलने की मांग वैसे तो अप्रैल के पहले सप्ताह से ही आने लगी थी, लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा अपने स्तर पर कराए गए सर्वे के बाद गांवों में तालाबों में निस्तारी लायक पानी शेष होना पाया गया था। लिहाजा तब बांध के गेट खोलने का निर्णय नहीं लिया गया। आज की स्थिति में अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंचने को है, ऐसे में तालाब पूरी तरह सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। गांवों से लगातार बांध से पानी देने की मांग भी आने लगी है। लिहाजा सिंचाई विभाग द्वारा 25 अप्रैल से बांध की दोनों नहरों में पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि दोनों नहरों को मिलाकर बांध से करीब दो सौ तालाबों में जलभराव किया जाता है। खारंग जलाशय में अभी 84 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है, जो कि बांध की काफी अच्छी स्थिति है। इस साल बारिश जल्दी होने के कारण बांध में पर्याप्त जलभराव हुआ था, बल्कि समय से पहले शत प्रतिशत जलभराव भी हो गया था।

### वार्डों में गूंजा 'बस्ती चलो अभियान' का नारा, अमर ने सुनी लोगों की समस्याएं




**बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी 'बस्ती चलो अभियान' के तहत विधायक अमर अग्रवाल ने शुक्रवार को नगर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया। अपने दौरे के दौरान विधायक ने वार्ड 16 तुलजा भवानी परिसर से अभियान का श्रीगणेश किया, जिसके बाद वे निरंतर वार्ड 21 मानिकपुरी भवन (मिनी बस्ती), वार्ड 67 संत नामदेव भवन, वार्ड 66 सामुदायिक भवन नूतन चौक, वार्ड 69 आर.टी.एस. कॉलोनी दुर्गा पंडाल, वार्ड 44 शंकर नगर स्थित रामायण भवन, वार्ड 38 टिकरापारा स्थित महाराष्ट्र मंडल, वार्ड 36 दयालबंद, वार्ड 23/26 पटेल समाज भवन और वार्ड 25 में आयोजित बैठकों में शामिल हुए। दौरे के दौरान हर वार्ड में क्षेत्रीय नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं ने श्री अग्रवाल का आत्मीय अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी आज देश के हर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार का सुरक्षा कवच बन चुकी है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और आवास योजना जैसी नीतियों ने समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने का काम किया है। संवाद के दौरान वार्डवासियों ने स्थानीय समस्याओं से संबंधित विषयों को विधायक के समक्ष रखा। श्री अग्रवाल ने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि बिलासपुर के हर वार्ड को आदर्श वार्ड बनाना है।

### महिलाओं ने किया पौधारोपण संरक्षण का लिया संकल्प



**बिलासपुर।** पर्यावरण और आस्था का अनूठा संगम आज निराला नगर स्थित उद्यान में देखने को मिला। स्वर्णा महिला स्व. सहायता समूह और स्वर्णा महिला विंग की बहनों ने भीषण गर्मी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर समूह की सदस्य नीलम सोनी ने शमी एवं बेलपत्र का पौधे प्रदान किए गए। इन पौधों का रोपण केवल हरियाली के लिए नहीं, बल्कि वास्तु शास्त्र के नियमों को ध्यान में रखकर किया गया है। वास्तु के अनुसार शमी एवं बेलपत्र के वृक्षों के लिए निर्धारित दिशाओं का पालन करते हुए उन्हें उद्यान में सही स्थान पर रोपण किया गया। अप्रैल माह की तपती धूप को देखते हुए समूह की बहनों ने यह जिम्मेदारी ली है कि इन पौधों को प्रतिदिन जल अर्पित किया जाएगा। समूह द्वारा इन पौधों का संरक्षण का पूर्ण संकल्प लिया गया है। ताकि वे भीषण गर्मी में भी सुरक्षित रहे और फल फूल सकें। इस कार्य में नीलम सोनी, रश्मि सोनी, शांति, शोभा,जया, रोशनी, संध्या मुन्नी एवं अन्य वार्ड वासी उपस्थित थे। यह जानकारी अध्यक्ष निशा यज्ञेश सोनी ने दी।

### कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज ने ढ़ाई सौ सकोरा का वितरण किया



**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के सामने दाना पानी का संकट खड़ा हो गया है। इसे देखते हुए जूना बिलासपुर में आम जनता और व्यापारियों को कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज ने लगभग 250 सकोरा वितरण किया। महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने भीषण गर्मी में पशु पक्षियों की रक्षा करने के लिए अपने घरों में जहां पक्षी पानी पा सके वहां बरतन में पानी रखने की अपील की है। सकोरा प्राप्त करने के लिए नागोराव शेष स्कूल चौक के पास, कर्बला मोड़, जूना बिलासपुर में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में किशोरी शरण गुप्ता, निशा गुप्ता, रिशेष गुप्ता, विशेष गुप्ता, धीरेन्द्र गुप्ता, दीपा गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, अजय गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, गोपाल गुप्ता, भोला गुप्ता, राम कुमारी गुप्ता का सहयोग रहा।

**बारिश से मिलेगी निजात** — निगम, रेल्वे, एफसीआई और यातायात के अधिकारियों की बैठक हुई

# एफसीआई गोदाम के बगल में बनेगा बड़ा नाला, जलभराव से मिलेगी राहत



**बिलासपुर।** व्यापार विहार स्थित एफसीआई गोदाम के पास जलभराव और वर्षा जल निकासी की समस्या एक गंभीर मुद्दा है। बारिश के दिनों में हर साल इस परेशानी से आसपास के लोगों को परेशानी होती है।

इस समस्या के निवारण के लिए शुक्रवार को नगर निगम, रेल्वे, एफसीआई और यातायात के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में महापौर श्रीमती पूजा विधानी और रेलवे के डीआरएम भी उपस्थित थे। इसमें तय किया गया कि एफसीआई गोदाम के बगल से बड़ा नाला बनाया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे का जो पानी हेमूनगर और दूसरे क्षेत्रों में आता है उसे रोकने के लिए भी बाउंड्री और नाला बनाया जाएगा। गौरतलब है कि बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (20825/20826) बिलासपुर जंक्शन से संचालित होती है। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन (शनिवार को छोड़कर) बिलासपुर से सुबह 06:45 बजे निकलती है और शाम को 19:25 बजे (7:25 PM) वापस आती है। इस ट्रेन में वर्तमान में 8 कोच का रैक उपयोग किया जा रहा है। इसके लिए एफसीआई गोदाम के पास अलग से प्लेटफार्म बनाया जा रहा है।

#### हर साल भरता है बारिश में पानी

इस प्लेटफार्म बनाने के लिए रेलवे द्वारा वहां से गुजर रहे नाले को बार-बार बंद कर दिया जाता है। इस नाले के बंद हो जाने से बारिश के दिनों में व्यापार विहार स्थित एफसीआई गोदाम के आसपास का इलाका जलमग्न हो जाता है। निगम द्वारा कई बार इस नाले को खुलवाया गया लेकिन हर बार रेलने बंद कर देता है। खास बात है कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र के पास होने के कारण जलभराव से व्यापारिक गतिविधियों पर असर पड़ता है। इस समस्या के स्थायी निवारण के लिए शुक्रवार को निगम और रेलवे अधिकारियों के बीच बैठक हुई। इसमें पानी निकासी के लिए बड़ा नाला बनाने का फैसला लिया गया।

### देवरीखुर्द, तालापारा और मिनी बस्ती में पेयजल संकट



- शिकायत पर पहुंचे निगम कमिश्नर ने मोटर ठीक करने और एचडीपी टैंक लगाने कहा

**बिलासपुर।** शहर के पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों का आज निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण किया। इस दौरान देवरीखुर्द में गली नंबर सात में मोटर पंप के खराब होने पर उसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए,जिसके बाद शाम तक मोटर पंप सुधार लिया गया है। इसके अलावा देवरीखुर्द में जहां जहां पानी की समस्या है वहां एचडीपी टैंक लगाने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए हैं ताकि नागरिकों को तकलीफ ना हो और पानी उपलब्ध हो सकें। इससे पूर्व तालापारा में अधिकांश स्थानों पर घर के पास लगे खुलें नलों से पानी बहता देख, टोटी लगाने के निर्देश दिए गए। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने मिनी बस्ती का भी निरीक्षण किया। इस दौरान नाली एवं उसके आसपास साफ-सफाई के निर्देश दिए।

छात्रों से बदसलुकी करने के साथ ही छात्राओं से दुर्व्यवहार

# एजुकेशन हब कोनी बना असामाजिक तत्वों का अड्डा, ठेले गुमटी की आड़ में नशे का कारोबार






कोनी क्षेत्र में सड़क के दोनों तरफ ठेले, गुमटी और दुकान वाला ने कर रखा है कब्जा, व्यापारियों ने सड़क पर फैला रखा है सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- निगम और कोनी थाने में शिकायत लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

कोनी क्षेत्र को एजुकेशन हब माना जाता है। अब यह क्षेत्र लेकिन असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है बिलासा ताल के थोड़ा आगे से लेकर, गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, अटल यूनिवर्सिटी और इंजीनियरिंग कालेज के पास तक सड़क के दोनों तरफ ठेले और और गुमटी वालों का कब्जा हो गया है। इसकी आड़ में नशे का कारोबार भी चल रहा है।

यहां बैठने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्रों से बदतमीजी करने के साथ ही छात्राओं से छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार करते हैं। इसकी शिकायत छात्रों ने नगर निगम और कोनी थाने में भी की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

कोनी क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं के मुख्य गेट और आसपास के क्षेत्र में ठेले, गुमटी और अवैध दुकानों का कब्जा एक बड़ी समस्या बना हुआ है। यह अतिक्रमण न केवल यातायात को बाधित करता है, बल्कि विश्वविद्यालय के मुख्य मार्ग की सुंदरता और सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। इन क्षेत्रों में नशाखोरी, संदिग्धों का जमावड़ा और चाकूबाजी / मारपीट जैसी घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं।

#### कई बार अभियान, हर बार वहीं कब्जा

यहां पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में विश्वविद्यालयों के मुख्य गेट के पास सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में अस्थाई और अर्ध-स्थाई गुमटियां लगा ली गई हैं। इन ठेले-गुमटी वालों के कारण कोनी मुख्य मार्ग पर अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे छात्रों, फैकल्टी और आम नागरिकों को परेशानी होती है। ध्यान रहे कि नगर निगम ने पहले भी यूनिवर्सिटी के आसपास के इलाकों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर गुमटी, ठेले और पोस्टर हटाए थे। निगम टीम के जाने के बाद लेकिन दोबारा कब्जा कर लिया जाता है।

#### गौरव पथ में दुकान सील कब्जा हटाया गया

नगर निगम ने शुक्रवार को कब्जा हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान गौरव पथ में निगम आयुक्त के बंगले में संचालित श्रीराम डेकोरेटर्स की दुकान को सील कर दिया है। निगम के मुताबिक यह दुकान अनुमति के खिलाफ निर्माण कर ली गई थी। इस दौरान भारी विवाद भी हुआ। दुकान संचालक ने जमकर नेतागिरी की। इसके साथ ही निगम ने मुंगेली रोड दिल्ली कोचिंग के पास अतिक्रमण हटाया।

## विपक्ष ने विरोध कर मातृशक्ति का किया हननः कौशिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का कहना है कि कांग्रेस व विपक्षी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर अपनी संकीर्ण और महिला विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। यह अधिनियम महिलाओं को और अधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में एक एतिहासिक कदम उठाया था, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर मातृशक्ति के अधिकारों का हनन किया है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विषय को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और महापौर पूजा विधानी ने संबोधित किया। श्री कौशिक ने कहा कि हमारी नियत साफ है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को उनका अधिकार दिला कर रहेंगे। इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने का पुनः प्रयास कर उनको उनका अधिकार दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि यह अधिनियम पारित हो जाता तो भविष्य में देश की दिशा में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलता। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इस अधिनियम का विरोध कर अपने स्वार्थ के लिए महिलाओं को उनका अधिकार से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के समर्थन में होने का दिखावा करता रहा लेकिन इसे टालने हर बार वे लेकिन, किन्तु, परंतु करते रहे। विपक्ष के लिए महिलाओं के अधिकार और आरक्षण एक मजाक और राजनीतिक सुविधा की बात है जो आज उजागर हो गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब सत्ता में आए तब महिलाएं बहुत बुरी हाल में थी वे खुले में शौच करने में मजबुर थी, उनके पास गैस सिलेण्डर नहीं थे, पेयजल की आपूर्ति नहीं होती थी। सिर ढकने छतें नहीं थी खुले में सोने मजबुर थे। बैंकों में महिलाओं के खाते नहीं थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन सभी समस्याओं का समाधान किया।

## सिम्स में 10 हजार यूनिट का ब्लड डिपाजिट, लोगों को मिला जीवन



**बिलासपुर।** सिम्स द्वारा लोगों की बीमारी और इलाज में नित्य नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे है। संस्थान के एक साल के भीतर 10,043 यूनिट ब्लड डिपाजिट किया है। यह कार्य जरूरतमंदों के लिए नया जीवन ला रही है। सिकल सेल, थैलेसीमिया और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बिना डोनर के भी निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है।

सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति ने बताया कि चिकित्सकीय उपचार के अलावा सामाजिक पहल कर जरूरतमंद, आर्थिक या संसाधनों के अभाव में वंचित लोगों के लिए इलाज का साधन बनाया जा रहा है। इसमें ब्लड डोनेशन और ब्लड कलेक्शन बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सिकल सेल और थैलेसीमिया जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों को बिना किसी डोनर की अनिवार्यता रक्त दिया जा रहा है। 10 हजार यूनिट से ज्यादा का संग्रहण किया गया है। विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी डॉ बीपी सिंह ने बताया कि पिछले एक साल में हमने ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुगम बनाया है। आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीजों, विशेषकर दुर्घटना पीड़ितों और गंभीर एनीमिया के मरीजों को तत्काल रक्त मिल रहा है, इन्वेंट्री मैनेजमेंट के कारण 33 रक्तदान शिविरों के माध्यम से भारी मात्रा में यूनिट एकत्रित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि रक्त कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता है। केवल दान से ही संभव है। 10,043 यूनिट के संग्रह में उन स्वैच्छिक रक्तदाताओं का बड़ा हाथ है जिन्होंने मानवता के लिए रक्तदान किया है।

## प्रकृति के संरक्षण में जनजाति समाज की अहम भूमिका

- डॉ. सीवी रमन विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में "ट्राइबल सोसाइटी, एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंटः ए मल्टीडिसिप्लिनरी एंड इंटरडिसिप्लिनरी एनालिसिस" विषय पर 24 और 25 अप्रैल को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र में प्रो. सौभाग्य रंजन पारधी ने कहा कि जब भी पर्यावरण संबंधी नीतियों का निर्माण किया जाता है, तब जनजातीय समाज की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की परंपरा का जीवंत उदाहरण है, इसलिए किसी भी पर्यावरणीय नीति में उनकी भागीदारी और अनुभव अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि जनजातीय समाज प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि एक जीवंत शक्ति के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि जब हम अपनी सोच को प्रकृति से जोड़ते हैं, तब हम स्वाभाविक रूप से उसके संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ते हैं और प्रकृति के विरुद्ध जाने की प्रवृत्ति स्वतः समाप्त हो जाती है।

इस अवसर पर दयानंद एंग्लो वैदिक पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के प्रो संजय तिवारी ने कहा कि इससे यहां के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर सकेंगे। इस अवसर पर डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. काजल मोइत्रा ने दिया, आभार प्रदर्शन डॉ. रिचा यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेश शुक्ला ने किया।



#### युवाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारीः कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे जनजातीय पारंपरिक ज्ञान को शोध एवं विज्ञान से जोड़कर समाज के सामने प्रस्तुत करें और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाएं।

## एवीएम में 'सकारात्मक अनुशासन' शिक्षक प्रशिक्षण का समापन



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मन्दिर न्यू सैनिक स्कूल में 23 एवं 24 अप्रैल को "सकारात्मक अनुशासन" विषय पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में काउंसलिंग मनोवैज्ञानिक एवं व्यवहार प्रशिक्षक श्रीरामूला ने शिक्षकों को सकारात्मक अनुशासन के सिद्धांतों, प्रभावी कक्षा प्रबंधन तकनीकों तथा छात्रों के व्यवहार को समझने एवं सुधारने के व्यावहारिक उपायों पर मार्गदर्शन किया। श्री शांति ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि शिक्षण प्रक्रिया में केवल निर्देश देना या एकतरफा संवाद करना प्रभावी नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों को प्रश्नों के माध्यम से जोड़ना अधिक सार्थक होता है। उन्होंने समझाया कि विद्यार्थियों को आदेश देने के बजाय उनसे प्रश्न पूछकर उन्हें सोचने, समझने और भागीदारी के लिए प्रेरित करना चाहिए। "तुम ऐसा करो" कहने के स्थान पर "तुम्हें क्या लगता है, हमें क्या करना चाहिए?" जैसे प्रश्न छात्रों को जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करते हैं। विशेषज्ञ ने बताया कि "बच्चों की प्रतिक्रिया हमारे व्यवहार पर निर्भर करती है"। यदि शिक्षक का व्यवहार स्पष्ट, सकारात्मक और संतुलित होगा, तो विद्यार्थियों से भी वैसी ही सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त होगी। इस विचार ने शिक्षकों को अपने व्यवहार और संप्रेषण शैली पर गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशंसा और प्रोत्साहन पर भी विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के निदेशक एसके जनास्वामी ने कहा कि "सकारात्मक अनुशासन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान दिया गया, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया गया।

#### विद्यालय को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करेंगेः अजय

विद्यालय के चेयरमेन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे दंडात्मक तरीकों के स्थान पर प्रेम, सहानुभूति और समझ पर आधारित शिक्षण अपनाएँ, जिससे विद्यालय का वातावरण और अधिक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक बन सके। प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और नवाचार के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तथा विद्यालय को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करेंगे।

## सकर्रा में बनेगा सैनिक स्कूल

**बिलासपुर।** इस साल सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में बिलासपुर जिले में सैनिक स्कूल की स्थापना को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद कलेक्टर द्वारा सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए जमीन की तलाश करने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया था। सकरी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत सकर्रा में राजस्व विभाग द्वारा भूमि का चिन्हांकन कर कलेक्टर को प्रस्ताव भेजा गया है।

बिलासपुर में सैनिक स्कूल की स्थापना को लेकर किए जा रहे प्रयास अब तेज होने लगेंगे। सरकार द्वारा जिले में सैनिक स्कूल स्थापित करने की घोषणा के बाद जमीन तलाशने की कवायद शुरू की गई थी। इसके लिए कलेक्टर द्वारा जिले के सभी एसडीएम को जल्द से जल्द सैनिक स्कूल के लिए दस एकड़ जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए थे। सकरी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत सकर्रा में दस एकड़ शासकीय भूमि का चयन किया गया है। सकर्रा गांव में तालाब से लगे हुए दस एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर अगली कार्रवाई के लिए कलेक्टर को प्रस्ताव भेजा गया है। राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रस्तावित स्थल पर लगभग पंद्रह एकड़ शासकीय भूमि मौजूद है।

#### भूमि का किया गया है चयन

सैनिक स्कूल के लिए भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अंतर्गत सकरी तहसील के सकर्रा ग्राम पंचायत में दस एकड़ शासकीय भूमि का चयन किया गया है।

-संजय अग्रवाल, कलेक्टर

### विधायक क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए डिप्टी सीएम

# लोरमी की हर प्रतिभा को मिलेगा मंच खिलाड़ियों का संवरेगा भविष्यः साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ग्राम अखरार में आयोजित रात्रिकालीन विधायक क्रिकेट कप प्रतियोगिता में शामिल होकर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विजेता टीम एसके हंटर औराबांधा को जीत की बधाई दी और उपविजेता अखरार इलेवन टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, फाइनल मुकाबले में युवाओं का जोश और ऊर्जा क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांच टीमों को क्रिकेट किट वितरित की, और सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। श्री साव ने कहा कि, गांव-गांव से खेल प्रतिभाएं निकलें, यही हमारा लक्ष्य है। खेल के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो जीवन में सफलता दिलाने में मददगार साबित होता है। खेल युवाओं को स्वस्थ जीवन, अच्छे संस्कार व बेहतर समन्वय की सीख देता है।



### आधुनिक खेल स्टेडियम का होगा निर्माण

उप मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 8.50 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही कबड्डी मैट उपलब्ध कराने और गांवों में खेल मैदान विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, क्षेत्र में सड़कों का तेजी से विकास हो रहा है और सभी गांवों के विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है।

### पंचायत भवनों के लिए 80 लाख स्वीकृत

क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के अनुशंसा पर गौण खनिज से प्राप्त राजस्व से क्षेत्र के चार ग्राम पंचायत भवन के लिए 80 लाख की राशि स्वीकृति की गई है। अरुण साव ने बताया कि, खनिज साधन विभाग द्वारा गौण खनिजों से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त होने वाले 33 प्रतिशत राशि से वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जिला के लिए अनुशंसा जारी की किया गया।

### रोमांचक रहा फाइनल मुकाबला

फाइनल मैच में एसके हंटर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 50 रन बनाए। जवाब में उतरी अखरार इलेवन टीम 8 ओवर में 8 विकेट खोकर 42 रन ही बना सकी और 8 रनों से मुकाबला हार गई। प्रतियोगिता में संतोष को मैन ऑफ द मैच, अविनाश शर्मा को बेस्ट फील्डर और विवेक जायसवाल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति अनिता साहू, गुरमीत सलूजा, विक्रम सिंह, बेदराम पटेल, विनय साहू, रामेश्वर बंजारे, संतोष साहू, घनश्याम खत्री, रवि शर्मा, ओंकार खत्री , महेंद्र खत्री, केशव तिवारी, बंटी तिवारी, अशोक साहू, राम निवास राठौर, घनेंद्र राजपूत, तामेश्वर साहू, नारायण प्रसाद, पीयूष साहू, मुकेश जायसवाल, आयोजक, सरपंच, पंच खेलप्रेमी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 31 सहकारी समितियों के लिए 6 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सकरी

क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर तखतपुर विकासखंड के 31 सेवा सहकारी समितियों में कृषक कुटीर निर्माण कार्य, धान खरीदी केंद्रों में चबूतरा सह शेड निर्माण, अहाता निर्माण एवं बोर खनन सह पानी टंकी निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 9 लाख रूपये की स्वीकृति छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से दी गई है। सेवा सहकारी समिति सकरी में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, बोर खनन सह पानी टंकी, घुटकू में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, विजयपुर में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण,



सिंघनपुरी कृषक कुटीर, अहाता निर्माण, खरकेना में कृषक कुटीर निर्माण, नेवरा कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, मोछ में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, देवरी कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, गिरधौना कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, पोड़ी में कृषक कुटीर, बोर खनन सह पानी टंकी, भकुर्रानवापारा में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, ढनढन में कृषक कुटीर, दैजा में चबूतरा सह शेड निर्माण, लाखासार में कृषक कुटीर,200 मीटर अहाता निर्माण, गनियारी में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण , खम्हरिया कृषक कुटीर, बोर खनन सह पानी टंकी, पुरेना में कृषक कुटीर, बोर खनन सह शेड पानी टंकी, भरारी में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, बेलपान कृषक कुटीर, 2 चबूतरा सह शेड निर्माण, टाड़ा में कृषक कुटीर, बीजा में कृषक कुटीर, देवतरा में 2 चबूतरा सह शेड निर्माण, जरौंधा में कृषक कुटीर, बोर खनन सह पानी टंकी, चबूतरा सह शेड निर्माण, छतौना में कृषक कुटीर, 2 नग चबूतरा सह शेड निर्माण, सैदा में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण 2 नग, तखतपुर में कृषक कुटीर, बोर खनन सह पानी टंकी, पंचबहरा में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण पाली में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, पोड़ी में कृषक कुटीर, बोर खनन सह पानी टंकी, जुनापारा में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण, कोड़ापुरी में कृषक कुटीर, चबूतरा सह शेड निर्माण,खजुरी में चबूतरा सह शेड निर्माण, कुरेली में बोर खनन सह पानी टंकी स्थापना, कुआं में गोदाम निर्माण, केकती में चबूतरा सह शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति शासन द्वारा की गई है।

■ कृषक कुटीर, अहाता निर्माण व बोर खनन आदि कार्य होंगे

प्रत्येक कृषक कुटीर 14 लाख, चबूतरा सह शेड निर्माण कार्य 5 लाख, अहाता निर्माण कार्य 11.17 लाख, बोर खनन सह पानी टंकी स्थापना 4.62 लाख व गोदाम निर्माण का कार्य 12.78 लाख की लागत से किया जाएगा। इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, सेवा सहकारी समिति किसानों के सुविधा के लिए कार्य करता है इन्हें विकसित करने से कृषकों को सुविधा मिलेगी और उनके उपज की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और समितियां सुदृढ़ होंगी।

# ग्राम सचिव की दबंगई, खेत के मालिक को डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

पेण्ड्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भर्रापारा में जमीन विवाद को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें ग्राम पंचायत सेमरा के सचिव किशन राठौर पर अपने साथी के साथ मिलकर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है।



जानकारी के अनुसार, पीड़ित अमन साहू अपनी पैतृक जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई करने गया था, जिसे उसने सचिव किशन राठौर और रोहित राठौर को अधिया पर खेती के लिए दिया हुआ था। इसी दौरान आरोपियों ने पेड़ काटने से मना करते हुए विवाद शुरू कर दिया और बात इतनी बढ़ गई कि, पंचायत सचिव जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे किशन राठौर ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से अमन की बेरहमी से पिटाई कर दी।

■ पेड़ काटने को लेकर हुआ विवाद, मामला दर्ज

पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज- हमले में पीड़ित के हाथ और पीठ पर काफी चोटें आई हैं, जिसे वहां मौजूद गवाहों ने बीच-बचाव कर बचाया। घटना के बाद अमन साहू ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी ग्राम सचिव और उसके साथी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एक सरकारी कर्मचारी द्वारा इस तरह की हिंसा किए जाने के बाद से पूरे इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

मल्हार। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर 22 अप्रैल बुधवार को अनुशासित एवं आकर्षक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां डिडनेश्वरी मंदिर प्रांगण से हुआ, जहां सभी विप्र परिवार एकत्रित होकर भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न की। जिसके बाद जयघोष, ढोल-नगाड़ों एवं भक्तिमय वातावरण के बीच शोभायात्रा नगर भ्रमण हेतु प्रस्थान हुई।

■ बुजुर्गों व प्रतिभावान बच्चों को किया गया सम्मानित

शोभायात्रा में मल्हार सहित आसपास के ग्राम सीपत, मस्तूरी, किरारी, जयरामनगर, बैटरी, जैतपुर, शुक्लाकरी, लोहर्सि आदि से बड़ी संख्या में विप्र बंधु-भगिनियों की सहभागिता रही। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भोग-प्रसाद एवं पेय पदार्थों का वितरण किया गया तथा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कौशल पांडेय के निवास पर शोभायात्रा का विशेष स्वागत पुष्पवर्षा एवं भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के साथ किया गया और महेंद्र देवांगन ने विप्र समाज का गमछा एवं पीताम्बर पट्टा पहनाकर सभी आत्मीय अभिनंदन किया। मंदिर प्रांगण में विमल पांडेय की ओर से कोल्डड्रिंक की व्यवस्था की गई। वहीं स्कूल चौक में धर्मेंद्र सिंह एवं पार्षद आशुतोष वर्मा द्वारा ठंडे पेय एवं फलों का वितरण किया गया। मेला चौक में हिन्दू पर्व आयोजन समिति द्वारा पेय पदार्थों का वितरण किया गया, जिसमें शंकर सिंह, मुकुल सिंह, विवेक सिंह, कृष्ण सिंह एवं अज्जू तिवारी का विशेष योगदान रहा। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए रेस्ट हाउस मल्हार पहुंची, जहां भगवान परशुराम की भव्य आरती एवं धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा में समाज वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकता, संस्कारों के संरक्षण, सांस्कृतिक जागरूकता एवं आर्थिक सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए।



### बुजुर्गों व प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

आरती पूजन के बाद समाज के वरिष्ठ भृगुनंदन प्रसाद तिवारी, रविशंकर तिवारी, सुधाराम चौबे, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश पांडेय, कौशल प्रसाद पांडेय, रामायण पांडेय, बालमुकुंद पांडेय, दाऊराम अवस्थी, बलदाऊ प्रसाद त्रिपाठी, शिवकुमार अवस्थी, प्रमोद शुक्ला शुक्लाकरी, रमेश शर्मा कौंसरी, हरीश शर्मा, कमला चौबे, अरुणा तिवारी, ईश कुंवर पांडेय, रेखा तिवारी, कस्तूरी अवस्थी, चमेली तिवारी, सरोजनी चौबे व शकुन बाई पांडेय को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली सदस्यों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें दीक्षा पाण्डेय खाद्य निरीक्षक, संदीप पाण्डेय पटवारी, डॉ श्रुति शर्मा एमबीबीएस, विवेक तिवारी सहायक स्टेशन मास्टर, भारतीय रेल, योगिता पाण्डेय राज्य स्तरीय योग स्वर्ण पदक विजेता एवं संघर्ष पाण्डेय बैंकिंग सेवा में प्रोबेशनरी ऑफिसर शामिल रहे। इसी तरह नगर के गौरव भगवताचार्य पंडित मयंक पांडेय एवं पंडित दीपेश तिवारी को उनके वैदिक ज्ञान एवं भागवत पारायण में उत्कृष्ट दक्षता के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं अक्षत पाण्डेय, अनन्या पाण्डेय, अनुष्का पाण्डेय, आस्था पाण्डेय, नेहल तिवारी, वेदान्त तिवारी एवं तन्मय पाण्डेय को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया।

# नए बस स्टैंड में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

पेंड्रा शहर के नए बस स्टैंड क्षेत्र में शुक्रवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। तहसीलदार और पुलिस बल की मौजूदगी में जैसे ही अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हुआ, मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और विरोध के स्वर मुखर होने लगे। देखते ही देखते माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया, जिसके चलते प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

■ स्थानीय लोगों का विरोध, अधिकारियों ने दिया आश्वासन

अभियान के दौरान स्थानीय निवासियों ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। लोगों का कहना था कि, प्रशासन हर बार नए बस स्टैंड क्षेत्र से ही कार्रवाई शुरू करता है और कुछ दूरी पर जाकर अभियान को रोक दिया जाता है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मांग की कि यदि प्रशासन वास्तव में शहर को अतिक्रमण मुक्त करना चाहता है, तो यह कार्रवाई शहर के दूसरे किनारे यानी दुर्गा मंदिर छोर से शुरू की जानी चाहिए। जनता के इस रुख के कारण मौके पर हल्के-फुल्के विवाद और गहमागहमी की स्थिति भी निर्मित हुई, जिसे पुलिस प्रशासन ने सूझबूझ से नियंत्रित किया। बिगड़ते हालात और बढ़ते विरोध को देखते हुए एसडीएम विक्रांत अंचल और एसडीओपी श्याम सिदार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मोर्चा संभालने मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित जनता से संवाद किया और उन्हें स्पष्ट रूप से आश्वस्त किया कि, यह अभियान किसी खास क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में शहर के अन्य हिस्सों में भी समान रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ, हालांकि क्षेत्र में अब भी पुलिस टीम तैनात है और प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

# कायस्थ समाज ने मनाया भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिल्हा

कायस्थ समाज बिलासपुर न गुरुवार को इमलीपारा स्थित चित्रगुप्त मंगल भवन में भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। शाम 5:30 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में समाज के लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस बार आयोजन में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी भागीदारी अत्यधिक संख्या में रही।

भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव की पूजा की जिम्मेदारी मुख्य यजमान के रूप में समिति की सहसचिव एवं मीडिया प्रभारी विनोद वर्मा एवं संध्या वर्मा को सौंपी गई थी। समाज के प्रमुख लोगों ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ जल पूजा आरंभ की। अंत में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें महिलाओं सहभागिता निभाई। गर्मी को देखते हुए चित्रगुप्त पूजा के पश्चात शहर के मध्य नगरी चौक एवं चित्रगुप्त मंदिर इमलीपारा में सर्वाजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। साथ ही शीघ्र ही चित्रगुप्त चौक मंगला रोड में प्याऊ घर का शुभारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर मदन श्रीवास्तव, गोवर्धन श्रीवास्तव, विजय किशोर वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना में भाग लिया।



# शतरंज चैंपियनशिप 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

जिला मिनी 11 वर्षीय बालक-बालिका शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 28 अप्रैल रविवार को नगर के विकासखंड खेल केन्द्र में सुबह 9.30 बजे से आयोजित है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ की ओर से किया जा रहा है ।

स्पर्धा के अंतर्गत 11 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिका प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को



विजेता ट्रॉफी, पुरस्कार, मेडल व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र का फोटो कॉपी प्रतिभागियों को लाना अनिवार्य है। चैंपियनशिप से चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य चैंपियनशिप में मुंगेली जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कदम सिंह धुर्वे पिता विश्राम सिंह धुर्वे निवासी सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम खमतराई प.ह.नं.25 रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर के खसरा क्रमांक 285/12, 285/17 रकबा 2.00 ए. पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री श्रीमती हजारीलाल पिता श्री रामगुलाम निवासी सरकन्डा तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किये हैं।

यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि/ फ्लैट पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

अस्तु सूचना जानें।
दिनांक 25/4/26

रामनोहर दुबे
(अधिवक्ता, रोटरी)
स्टेट बैंक के सामने, नया सरकंडा
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.: 9827173623
क्रेता: 8349143334

**न्यायालय श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

श्रीमती संतोषी वगैरह.....वादीगण
प्रति
आम जनता वगैरह .....प्रतिवादीगण
व्य.वाद क्रमांक 23अ/26
पेशी दिनांक-08.05.2026
प्रोसेस क्रमांक-232/26

**समंस/ईश्तहार**

वादीगण ने इस न्यायालय के समक्ष वाद वास्ते शशि आत्मज राधेश्याम कौशिक वर्ष 2018 से कहीं चली गई है जिसके संबंध में थाना में गुम इंसान क्रमांक 41/2018 दिनाक 20.08.2018 दर्ज किया गया है जिसके मिलने की संभावना नहीं होने पर उसके मृत्यु की उद्घोषणा किये जाने बाबत् का प्रकरण प्रस्तुत किया है जिसमें आम जनता वगैरह के विरूद्ध प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है और उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 08.05.2026 को दिनांक 11:00 बजे की जावेगी। इस तारीख को अवकाश घोषित हो जाती है तो अगली दिन को प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

इसलिए संबंधितों को इत्तला दी जाती है कि तत्संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 08.05.2026 को दिन 11:00 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे उपस्थित नहीं होने पर दीवानी प्रकरण की सुनवाई संबंधितों की अनुपस्थिति में कर दी जावेगी। आज दिनांक 22/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
जारी तारीख-22/04/26
स्थान-मुंगेली

(नारायणी कच्छप)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली छ.ग.

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकारगण श्री दीपक कुमार राठौर उम्र 44 वर्ष पिता श्री विष्णुलाल राठौर, श्री गौरव शर्मा उम्र 33 वर्ष पिता श्री प्रमोद शर्मा दोनों निवासी तिफरा, बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आमसूचना प्रकाशित करता हूँ। मेरे उक्त पक्षकारगण (क्रेता) के द्वारा बिसौहा यादव, केजूराम यादव, धनीराम यादव, मन्नूराम यादव, सभी पिता पहाड़ी, सभी निवासी एवं पोस्ट टेढ़ाधौरा तहसील एवं जिला मुंगेली (छ.ग.) (विक्रेता) के हक स्वामित्व, कब्जे की भूमि मौजा सिल्ली, प.ह.नं. 16, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.), जिसका खसरा नंबर 286 रकबा 3.86 एकड़ है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि विक्रेतागण को क्रेतागण द्वारा अदा किया गया है जिसकी रजिस्ट्री करायी जावेगी। किन्तु विक्रेतागण उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के पक्ष में न कराकर किसी अन्य व्यक्ति को बेचने का विधि-विरूद्ध प्रयास किया जा रहा है। जबकि विक्रेतागण का कर्तव्य है कि उक्त भूमि को मेरे पक्षकारगण क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री करावें। आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, आदि क्रय/बंधक / रजिस्ट्री न करावें। उक्त भूमि की क्रय-विक्रय मेरे पक्षकार के अलावा किसी अन्य के द्वारा किया जाता है तो वह विधि विरूद्ध होगा एवं समस्त जवाबदारी उसके स्वयं की होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक: 24/4/26

भवदीय,
शिवनाथ श्रीवास
(अधिवक्ता / नोटरी)
राजकिशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.: 9827115359

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

मंजू देवी....आवेदिका //विरुद्ध//
आम जनता वगैरह... अनावेदकगण
उत्तराधिकार प्र.क्र.-24/2026
पेशी दिनांक 14/05/2026
प्रोसेस क्रमांक-51/2026

**सूचना**

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि, आवेदिका मंजू देवी, निवासिनी-गणेश अपार्टमेंट, पोस्ट ऑफिस गली, टिकरापारा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन के माध्यम से स्वर्गीय अमरेन्द्र कुमार कलवार, जिनकी मृत्यु दिनांक 12/08/2017 को हुई थी, की बैंक खातों में जमा चल संपत्ति के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया गया है।

अत: इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र आवेदिका के पक्ष में जारी किये जाने पर कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालाय द्वारा निर्धारित आगामी पेशी दिनांक 14/05/2026 को प्रात: 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति सहित अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में न्यायालय मामले की सुनवाई कर कानून के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही करेगा। यदि किसी कारणवश आगामी पेशी दिनांक 14/05/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होते है तो प्रकरण में अगले कार्य दिवस पर कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 17/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर के तहत जारी किया गया।
दिनांक- 17/04/2026
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)

(असलम खान)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना पत्र**

प्रति
आवेदक/आवेदिका अर्बन रियल्टी द्वारा अतुल अग्रवाल पिता अशोक कुमार अग्रवाल...आवेदक के बताये अनुसार समीपी मूस्वामी प्रशांत जैन / प्रवीण कुमार जैन विपिन मेहता / मूलचंद मेहता बद्री सिंह बलदेव/ प्यारे अन्य समीपी समस्त हितबद्ध पक्षकार
विषय:-सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भ:- न्याया ना0 तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक /क.../तह0/वा/2026 बोदरी दिनांक 15/04/2026

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक / आवेदिका अतुल अग्रवाल पिता अशोक कुमार अग्रवाल जाति बनिया निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 05 रानिमं व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 150/3, 444/24 रकबा 0.7090, 0.0480 एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर/ सीमांकन किये हेतू न्याया0 नाय0 तहसीलदार, बोदरी में छ0ग0भू0रा0सं0 की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 07/05/26 को 12 से 4:00 बजे को किया जाना है। अत: आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
**टीप**-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./20...
बिलासपुर, दिनांक 24/4/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तोरवा .प.ह.न. .... रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गुहाराम पिता/पति गीताराम निवासी ग्राम तोरवा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा प.ह.नं. मौजा तोरवा स्थित भूमि ख.नं. 540/2 रकबा 0.20 एकड एकड़/हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/ फौती नामांतरण/क्रय विक्रय/दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 11/5/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/4/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी क्रियी गया।
अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ./अ-6-अ/2025-26
ग्राम-अमेरी, तहसील - सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक श्री संतोष श्रीवास पिता रामखिलावन श्रीवास निवासी, अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अमेरी पहनं-43 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, स्थित भूमि खसरा नंबर 122/45 रकबा 1500 वर्गफीट में विद्यमान प्राधिकृत/गलत/ अशुद्ध/प्रविष्टि के संबंध में अभिलेखों को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 27/04/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार, सकरी

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हंसिका होम्स द्वारा भागीदार महेश कुमार जांगड़े पिता श्री रघुनन्दन प्रसाद जांगड़े निवासी उस्लापुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम उसलापुर प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. सकरी तहसील जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 355/2 रकबा 0.60 ए. में से रकबा 3000 वर्गफुट एकड़/ वर्गफुट पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री कौशल किशोर पिता श्री पन्नालाल शर्मा निवासी गंगानगर तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 10 दिन के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें।
दिनांक 25.04.2025

राममनोहर दुबे
अधिवक्ता / नोटरी
स्टेट बैंक के सामने,
नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-73623
क्रेता 9926639781

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



समर सीजन में बच्चे और उनके परिवार चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए स्नों पार्क, वाटर पार्क, फन सिटी और स्वीमिंग पूल में मस्ती कर रहे हैं। ये स्थान गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बनकर उभरे हैं, जहां वे ठंडक का एहसास पा रहे हैं। किड्स व फैमिली को यहां पर स्नो पार्क कृत्रिम बर्फ, स्नो स्लाइडिंग, स्नोफॉल के अलावा वाटर पार्क में स्वीमिंग पूल और ठंडी फुहारों में भीगने-तैरने का अनुभव ले रहे हैं।

# समर सीजन में छई छपा छई...

**बिलासपुर।** गर्मी के दिनों पर वाटर पार्क बच्चों के लिए वॉटर स्लाइड, पुल और एडवेंचर गेम्स, एडवेंचर पार्क मस्ती और मनोरंजक गतिविधियों के लिए बेस्ट स्पॉट बने हुए हैं। शहर के मॉल में स्नो पार्क और फन सिटी जैसी जगहों पर लोग बेहतरीन फैमिली पिकनिक को एंजॉय कर रहे हैं।

वहीं शहर में कई जगहों पर शाम होते ही बच्चे फैमिली के साथ झूले, जादू के शो, खानपान का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इन दिनों पारा तेजी से चढ़ता जा रहा है। तेज धूप के बीच उमस लोगों को परेशान करने लगी है। ऐसे में मौसम से राहत के लिए वे उद्यानों, नदियों और हरियाली से भरे पहाड़ी क्षेत्रों में घूमने के लिए पहुंच रहे हैं तो दूसरी तरफ बच्चे की स्पेशल डिमांड पर फन सिटी, बाटर पार्क में भी इन दिनों रौनक बढ़ी हुई है।

**बच्चे और बड़े ले रहे एडवेंचर का मजा**



### स्वीमिंग पुल में बच्चे सीख रहे तैराकी

स्वीमिंग पुल में अंडर 10 से अंडर 17 तक बच्चे सुबह-शाम की पालियों में स्वीमिंग सीख रहे है, शहर के खेल परिसर, संजय तरण पुस्कर व रेलवे में बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होकर उत्साह से सीख रहे है। वाटर पार्क के प्रबंधकों का कहना है कि आंगुतकों के लिए वाटर पार्क तैराकी पोशाक सामान्य शुल्क के साथ उपलब्ध कराता है। एकल टिकट के सराय प्रवेश की अनुमति नहीं है। बच्चों के साथ फैमिली का होना जरूरी है।

### वाटर पार्क में फैमिली कर रही एंजाय

इस समर सीजन में लोग वाटर पार्क में रेन डांस और वेव पूल का मजा ले रहे हैं। फ्रेंड्स के ग्रुप भी एंजाय करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। पानी की बौछारों के बीच नहाने का मजा ही कुछ और है। लहरों के बीच समुद्र का अहसास करने, ऊंचाई से फिसलते हुए ठंडे-ठंडे पानी के बीच पहुंच जाने, इनका मजा लेने वालों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। इतना ही नहीं, यहां खाने-पीने की सामग्री भी उपलब्ध है।

**स्पर्धा**

## विश्व पृथ्वी दिवस पर, संरक्षण जागरूकता चित्रकला प्रतियोगिता



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था, 3233 सी लायंस क्लब व स्माइल परिवार द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने में सहायक ,पर्यावरण को संरक्षण देने हेतु बच्चों से वर्चुअल, एवं प्रत्यक्ष दोनों हर निशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाई और सभी बच्चों को बधाई दी। प्रथम-भूमि चेतानी, द्वितीय श्रेयांशी स्वर्णकार,तृतीय अन्यया साहू और आयुष्मान श्रीवास्तव को दिया गया। सभी बच्चों को भी पेंटिंग के गिफ्ट दिया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से भी बच्चों ने भाग लिया था,चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक के पद्मजा वर्मा मैडम जो ड्राइंग टीचर है उन्होंने इसका निर्णय लिया,पुरस्कार वितरण किया गया। क्लब की सचिव लायन डॉक्टर सुरभि राजगीर के क्लीनिक हैप्ली क्योर क्लिनिक में सभी बच्चों को पेंटिंग करने के लिए कलर बॉक्स ,पेपर, इरेज़र पेंसिल गिफ्ट के रूप में दिया गया। इस कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष लायन रीता राजगीर,सचिव लायन डॉक्टर सुरभि राजगीर, लायन लायन दीप्ति साहू, लायनज्योति नामदेव, लायन सीमा श्रीवास्तव , लायन कामिनी स्वर्णकार, सुनीता विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

**आयोजन**

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने वृद्ध आश्रम में किया प्रकल्प दर्शन



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में प्रकल्प दर्शन किया। सभी लोगों ने आरती के पश्चात रामायण पाठ किया। बड़ी संख्या में लोग शामिल थे, सभी ने मिलकर फल वितरण किया एवं उनके पसंदीदा चना मुर्रा, वस्त्र दान भी किया। इस कार्यक्रम में संरक्षक सदस्य रामकली तिवारी, जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, जिला महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, जिला उपाध्यक्ष मदन मोहन गुल्ला, पर्यावरण प्रमुख रेखा गुल्ला, सदस्य रीना झा एवं पद्मजा सिन्हा सफल बनाया।

**कार्यक्रम**

## गीत-संगीत की छात्रों ने दी प्रस्तुति, कविता का किया पाठ



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के द्वारा उभरते कलाकारों के बीच ''प्रतिभा की खोज'' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एकल व समूह नृत्य, गीत, वाद्य यंत्र वादन एवं स्व-रचित कविताओं का पाठ किया गया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें मुख्य रूप से अनुराग, नीरज, मधु, कविराज, हर्षवर्धन, सोनाली, हिमानी, श्रावणी, रितिका, आकृति, नेल्सन, महिमा, चिन्मय, आदित्य, चानसी, टिया एवं सूर्यदेव रहे। कार्यक्रम संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ अतुल दुबे ने छात्रों को उक्त कार्यक्रम आयोजन के लिए बहुत बधाई दिए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुमोना भट्टाचार्य ने कला के प्रदर्शन करने के लिए इस समिति के माध्यम का प्रयोग हेतु छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ. पूजा पाण्डेय, आदित्य प्रताप सिंह, डॉ महेन्द्र मेहता एवं खेमेन्द्र देवांगन उपस्थित रहे।

**शिविर**

## बच्चों के साथ व्यवहारिक समन्वय कार्यक्षमता बढ़ाने पर चर्चा



**बिलासपुर।** रेलवे विद्यालय में शिक्षकों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रेन वेव्स के आधार पर प्रभावी शिक्षण पद्धति, बच्चों के साथ व्यवहारिक समन्वय तथा उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला का संचालन बीके चिरंजीवी द्वारा किया गया। बच्चों के मस्तिष्क में विभिन्न प्रकार की ब्रेन वेव्स,जैसे बीटा, अल्फा, थीटा और डेल्टा कार्य करती हैं, जो उनके सोचने, समझने और व्यवहार को प्रभावित करती हैं। उन्होंने समझाया कि यदि शिक्षक बच्चों की मानसिक स्थिति को समझकर पढ़ाते हैं, तो सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सहज बन जाती है। इस अवसर पर बीके लता बहन ने आत्मा और परमात्मा का परिचय देने के पश्चात राजयोग मेडिटेशन करवाया। उनके मार्गदर्शन में उपस्थित शिक्षकों ने गहन शांति और आध्यात्मिक शक्ति की अनुभूति की।

## धूमधाम से निकली मां सोलापुरी की शोभायात्रा

त्रिपुर सुंदरी मां मारीमई मंदिर से शोभा यात्रा निकली गई शुक्रवार शाम, बाजे गाजे धपली व काली नृत्य के साथ पूरा रेलवे क्षेत्र मां सोलापुरी की भक्ति के रंग में रंगा नज़र आया। इस वर्ष भी पूरे उल्लास, उत्साह और भक्ति के साथ सोलापुरी माता पूजा मनाया जाएगा।



**बिलासपुर।** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां सोलापुरी की पूजा अर्चना से न सिर्फ क्षेत्र में सुख समृद्धि की वृद्धि होती है बल्कि चेचक और अन्य बीमारियों से मुक्ति भी मिलती है। सोलापुरी माता नगर भ्रमण कर भक्तों के सभी कष्टों को दूर करती है। जन आस्था है कि मां सोलापुरी माता परम दयालु है जिनकी छत्र छाया भक्तों पर सदा बनी रहती है। रंगोली, नीम का तोरण तथा लाईट्स लगाकर सोलापुरी माता का स्वागत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं भक्तों द्वारा किया गया। सोलापुरी माता पूजा को सफल बनाने में सचिव एस साई भास्कर, एल श्रीनिवास, डी वासु, बी शंकर राव, टी गिरधर राव, ई अप्पा राव, डी गणेश, डॉ एम एस राजू, के मुरली सुरी,एम राम कृष्णा, श्री नवीन, जी योगेश्वर राव (यश), पी.नरेश सदस्यों का योगदान रहा।

**इन क्षेत्रों से निकली यात्रा**


यह यात्रा मारीमई मंदिर से न्यू लोको कॉलोनी, चूचियां पारा, हेमुनगर, एन ई कॉलोनी, कंट्रोल ब्लॉक, तितली चौक, आर टी एस कॉलोनी, कंस्ट्रक्शन कॉलोनी, तारबहार, वायरलेस कॉलोनी होते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। जहां पार्थ सारथी मुख्य पुजारी एवं बाल पुजारियों-डी दिवाकर, के देवेश, बी राकेश, मयंक कुमार तिवारी, सुविरा पटनायक, श्रीनिवास रेड्डी, शिवा नायडू द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जगह जगह माता के चरणों में शीतल जल में नीम पत्ती व हल्दी मिला हुआ पानी डालकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शोभा यात्रा में चलने वाले भक्तों को जगह जगह शरबत, फल, भोग एवं शीतल जल प्रदान किया गया।

## श्री पीतांबरा पीठ में बगलामुखी की विशेष पूजा

**बिलासपुर।** सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में वैशाख शुक्ल अष्टमी के पावन अवसर पर ब्रह्मशक्ति माँ बगलामुखी की जयंती का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारियों को लेकर पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने माँ बगलामुखी के कलयुग में उनकी साधना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला है।

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के अनुसार, वर्तमान युग में जहाँ मानसिक तनाव, प्रतिस्पर्धा और कानूनी जटिलताएँ अधिक हैं, वहाँ माँ की साधना एक 'सुरक्षा कवच' की तरह कार्य करती है। उनकी उपासना के प्रमुख लाभ हैं, शत्रु बाधा और विजय वाद-विवाद, शास्त्रार्थ और कानूनी मुकदमों में सत्य के पक्ष में विजय प्राप्त करने के लिए माँ की कृपा अनिवार्य है। यह शत्रुओं की बुद्धि और वाणी का स्तंभन कर उन्हें परास्त करती है। सुरक्षा और न्याय यदि कोई अकारण अत्याचार कर रहा हो, तो उसे रोकने और सबक सिखाने के लिए माँ की शक्ति का आह्वान किया जाता है। वाक सिद्धिः राजनीति, न्यायपालिका या सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए माँ की साधना वाक्-चातुर्य और प्रभावशीलता प्रदान करती है।सर्व मनोरथ सिद्धिः संतान प्राप्ति, योग्य वर-वधू की प्राप्ति, यश-कीर्ति और ग्रहों के अशुभ प्रभाव की शांति के लिए यह साधना अचूक है। प्रतियोगी परीक्षाओं में एकाग्रता बढ़ाने और सफलता के लिए माँ का आशीर्वाद लेते हैं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल, हर्षवर्धन अग्रवाल अधिवक्ता, डॉ अंकिता पाण्डेय, डॉ अमिता दीपेश पाण्डेय,अधिवक्ता अपराजिता पाण्डेय,पं. मधुसूदन पाण्डेय,केसरी नंदन पाण्डेय,गौरी पाण्डेय,पं. संजय पाण्डेय,पं. दुर्गेश पाण्डेय, पं.किशन तिवारी,पं.आशु दुबे उपस्थित रहे।



**श्रृंगार व अभिषेक**

जयंती के पावन पर्व पर श्री पीतांबरा पीठ में प्रतिदिन माँ बगलामुखी का भव्य श्रृंगार एवं विशेष पूजन किया गया। प्रातःकाल श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का विधिवत रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती देवी का 'श्रीसूक्त' के षोडश मंत्रों द्वारा दुग्धधारा पूर्वक अभिषेक, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और रिद्धि-सिद्धि के दाता श्री सिद्धिविनायक जी का विशेष पूजन एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया। नौ दिवसीय पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ का आयोजन किया गया था। वैशाख कृष्ण चतुर्दशी से प्रारंभ होकर यह 'श्री पीताम्बरा हवनात्मक यज्ञ' प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से 12:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा था। इस अनुष्ठान की पूर्णाहुति बगलामुखी जयंती के पावन पर्व पर रात्रिकाल में संपन्न की गयी।

## बच्चों को दी व्यक्तित्व विकास, स्वस्थ जीवन और अच्छे संस्कार की सीख

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में 7 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। शिविर के प्रथम दिवस बच्चों में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं श्रेष्ठ जीवन मूल्यों का विकास करने हेतु विविध प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि की मंगलकामना की गई। इसके पश्चात बच्चों को "ईश्वर अपने साथ है" शीर्षक से सुंदर प्रार्थना सिखाई गई, जिससे बच्चों के मन में आत्मविश्वास, सुरक्षा और ईश्वर के प्रति प्रेम की भावना जागृत हुई। प्रार्थना के दौरान पूरा वातावरण श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। शिविर में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने बच्चों को "इनर पर्सनालिटी" अर्थात आंतरिक व्यक्तित्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में बहुत सी ऐसी बातें होती हैं जिन्हें हम बदल नहीं सकते, जैसे बीता हुआ समय, दूसरों का स्वभाव या कुछ परिस्थितियाँ। लेकिन बहुत सी ऐसी बातें भी हैं जिन्हें हम बदल सकते हैं, जैसे अपनी सोच, आदतें, व्यवहार, बोलचाल और जीवन जीने का तरीका। यदि हम उन बातों को बदलने का प्रयास करें जिन्हें हम बदल सकते हैं, तो अपने जीवन को सदा के लिए खुशहाल, सफल और सुंदर बना सकते हैं।





उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सच्ची सुंदरता बाहरी रूप में नहीं, बल्कि अच्छे विचारों, मधुर व्यवहार, अनुशासन, विनम्रता और आत्मविश्वास में होती है। जब बच्चे अपने भीतर सकारात्मक गुण विकसित करते हैं, तब उनका व्यक्तित्व स्वतः आकर्षक बन जाता है। बच्चों ने इस सत्र को बड़े ध्यानपूर्वक सुना और अनेक प्रश्न भी पूछे।

सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बच्चों को भोजन के महत्व के बारे में सरल एवं प्रेरणादायक तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि हमारे शरीर, मन और बुद्धि को ऊर्जा देने वाला माध्यम है। इसलिए भोजन सदैव शांत मन, प्रसन्नता और कृतज्ञता की भावना से करना चाहिए।

**स्पोटर्स न्यूज**

**मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता**

## पवन की शतकीय पारी की बदौलत बिलासपुर की दूसरी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज बिलासपुर ब्लू ने अपना दूसरा मैच बस्तर के मध्य सेक्टर 10 भिलाई में खेला।बस्तर के कप्तान सौरभ मजूमदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर विशाल स्कोर 229 रन बनाए।जिसमें पवन परनाते ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 52 गेंदों में 2 छक्के और 16 चौकों की मदद से 101 रन बनाए। इसके अलावा मोहित रावत ने नाबाद 47 रन और नयन राजकुमार चवन ने 31 रन बनाए। बस्तर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अब्दुल अनस खान, जयंत मंडल ने दो दो विकेट प्राप्त किए। इसके पश्चात बस्तर ने 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.4 ओवर में 84 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। बस्तर की ओर से अब्दुल अनस खान ने 44 रन और आदित्य सिंह ने 19 रन बनाए। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपक सिंह बघेल ने 3 विकेट, मोहित रावत ने 2 विकेट प्राप्त किए। इस तरह बिलासपुर ब्लू ने लगातार दूसरी जीत दर्ज किया और बस्तर को 145 रनों से हराकर 4 अंक प्राप्त किए। मैच के निर्णायक जिगर बावरिया और अनिल सिंह, स्कोरर महेंद्र साहू और ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना थे। बिलासपुर अपना अंतिम मैच राजनांदगांव में कोरिया के मध्य 25 अप्रैल को खेलेगी।



**7 विकेट से जीता मैच :** राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में नारायणपुर बनाम धमतरी के मध्य मैच खेला गया। जिसमें नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। धमतरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.3 ओवर ने 106 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें शशांक तिवारी ने 41 रनों का योगदान दिया। नारायणपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन उसेंडी, तन्मय वर्धा और हेमंत बघेल ने तीन तीन विकेट प्राप्त किया। नारायणपुर ने 107 रनों का लक्ष्य को आसानी से 3 विकेट खोकर 18.2 ओवर में प्राप्त कर लिया। नारायणपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए चेतन श्रीवास ने लगातार दूसरा अर्धशतक लगाते हुए नाबाद 50 रनों की पारी खेला। और गौरव नाग ने 32 रनो का योगदान दिया। धमतरी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सजल चंद्राकर, युवराज साहू और आनंद बर्धन ने एक एक विकेट प्राप्त किया। नारायणपुर ने यह मैच 7 विकेट से दर्ज किया और 4 अंक प्राप्त किया। मैच के निर्णायक डी बालाजी कुमार और ऋषभ सोनी थे स्कोरर महेश दत्त मिश्रा थे ऑब्जर्वर टी साई कुमार थे। बिलासपुर में अगला मैच राजनांदगांव बनाम धमतरी के मध्य खेला जाएगा। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह द्वारा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### लव ट्राएंगल में युवक पर हमला



**बिलासपुर।** एक्स बॉयफ्रेंड ने युवक के साथ घूमते देख युवती को जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश करता रहा, युवक के विरोध के बाद गुस्साए बायफ्रेंड ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मैग्नेटो मॉल के पास की है,युवक-युवती घूम रहे थे, इस दौरान युवती का एक्स बॉयफ्रेंड पहुंच गया। उसने युवती को साथ चलने कहां लेकिन युवती के इनकार कर दिया जिसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट में तब्दील हों गया। मारपीट का एक वीडियो भी समाने आया है, इस मामले में युवक ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वही पुलिस का कहना है कि युवती दोनों लड़कों के साथ घूमती थी,जिससे नाराज एक्स बॉय फ्रेंड ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### दुकान गए युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** मामूली कहासुनी पर 4 नाबलिगों ने मिलकर किशोर पर चाकू से हमला कर दिया। घायल किशोर को सिम्स में भर्ती किया गया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मिनी बस्ती का है। जहां युवक शाहिल बघेल पिता गौकरण बघेल रहता है, सुबह वह किसी काम से गौरव पथ स्थित किराना दुकान गया था, इस दौरान रास्ते में आते समय उसकी मुलाकात मुहल्ले के कुछ लड़कों के साथ हो गई। लड़कों ने मामूली बात पर किशोर के पीट पर चाकू मार दिया, घायल अवस्था में उसे सिम्स में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग नशे के आदी है और अक्सर क्षेत्र में उत्पात मचाते रहते हैं।

### कोटा में तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**बिलासपुर।** कोटा के सरगोड़ और गौरखुरी में दोपहर को अचानक एक तेंदुए दिखाई दिया, जिसे देखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने गांव में मुनादी कराने के साथ सभी स्टाफ को अलर्ट रहने का आदेश जारी कर दिया है।
जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कोटा विकासखंड के सुदुरवर्ती सरगोड़ और गौरखुरी के बीच शुक्रवार की दोपहर एक बजे एक व्यस्क तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुआ जिस ओर दिखाई दिया था, वहां कुछ कंस्ट्रक्शन का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने पेड़ के नीचे आराम करते हुए तेंदुए को देखा और दूर से अपने मोबाइल से उसकी फोटो भी ले ली। तेंदुए को अचानक देखने के बाद लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के आदेश पर कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन ने गांव में मुनादी कराने के साथ टीम को अलर्ट कर दिया है, ताकि किसी तरह की घटना न हो सके। एसडीओ अनिल भास्करन ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए तेंदुए के होने की जानकारी मिली थी, लेकिन अब तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। लोगों ने भी तेंदुए को देखने की जानकारी दी है, जिसके बाद तेंदुए की खोजबीन भी शुरु कर दी गई है।

अपनी मनमर्जी से जितनी चाहे उतनी खाद नहीं खरीद पाएंगे किसान

# निजी दुकानों से खाद लेने के लिए भी अब टोकन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारी समितियों में खाद लेने के लिए तो टोकन अनिवार्य है ही, लेकिन किसानों को अब खुले बाजार की निजी खाद दुकानों से भी खाद लेने के लिए टोकन अनिवार्य करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है।

■ तैयार किया जा रहा साफ्टवेयर

जिले में सेवा सहकारी समितियों की संख्या 146 है, वहीं कृषि विभाग से उर्वरक लाईसेंस लेकर संचालित 255 दुकानों में खाद की बिक्री के लिए जल्द ही नई टोकन व्यवस्था लागू हो जाएगी। सहकारी समितियों में अपनी मर्जी से बिना जरूरत के भी खाद का उठाव करने वाले किसानों को इस साल ऐसा करने की छूट नहीं मिलेगी। इतना ही नहीं, बल्कि खुले बजार में नगद रकम देकर जितनी मर्जी खाद का उठाव करने वाले किसान भी इस साल मायूस हो जाएंगे। निजी दुकानों से भी खाद लेने के लिए उन्हें एप में जाकर ऑनलाईन टोकन लेना होगा। इसके बाद ही वे बाजार से खाद का उठाव कर सकेंगे। हालांकि सरकार द्वारा बीते वर्ष ही इसकी तैयारी शुरू कर दी गई थी, लेकिन इस साल जरूरत के अनुरूप खाद का भंडारण कम होने एवं भविष्य में भी उत्पादन में कमी के कारण आवक कमजोर होने के कारण सरकार द्वारा इस व्यवस्था को कड़ाई से लागू किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह व्यवस्था मध्यप्रदेश में लागू हो चुकी है, जिसे अब पूरे देश में लागू करने की तैयारी है।



### बगैर एग्रीस्टेक पंजीयन अब खाद भी नहीं

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए बीते वर्ष एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य किया गया था, लेकिन इस साल इसमें और कड़ाई करते हुए अब बगैर एग्रीस्टेक पंजीयन वाले किसानों को खाद देने पर भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी की जा रही है। जिले में अब तक 1 लाख 40 हजार 633 किसानों ने अपना एग्रीस्टेक पंजीयन करवा लिया है, लेकिन 1 हजार 558 किसान अब भी पंजीयन से बाहर हैं।

### जितनी जमीन, उतनी ही खाद मिलेगी

अब तक सहकारी समितियों से खाद लेने के बाद किसान निजी दुकानों से भी जितनी चाहे उतनी खाद खरीद लेते थे। ज्यादातार किसान इस खाद का उपयोग अपने खेतों के लिए ही करते थे। किसानों को लगता था कि खेत में खाद का जितना अधिक छिड़काव किया जाएगा, उत्पादन उतना ही अधिक होगा। इसी तरह अधिक मात्रा में डंप कर लेने के कारण कई किसान मार्केट में खाद की किल्लत होने की स्थिति में अधिक दाम में बेच भी देते थे। अब ऐसा नहीं होगा। किसानों के पास जितनी रजिस्टर्ड जमीन है केवल इसी के आधार पर उतनी मात्रा का ही उन्हें खाद का टोकन जारी किया जाएगा।

### लेना होगा टोकन

सहकारी समितियों के अलावा अब निजी उर्वरक दुकानों से भी खाद लेने पर किसानों को अनिवार्य रूप से टोकन लेना होगा। इसके लिए साफ्टेवयर तैयार किया जा रहा है। बिना एग्रीस्टेक पंजीकृत किसानों को भी खाद नहीं दी जाएगी। किसानों को उनके पास उपलब्ध जमीन के आधार पर ही खाद दी जाएगी, ताकि खाद का अपव्यय न हो सके। इस व्यवस्था से खाद की कालाबाजारी पर भी पूरी तरह रोक लग जाएगी। जिले में 255 निजी उर्वरक दुकानें हैं, जहां आने वाले समय में टोकन सिस्टम लागू करने की तैयारी है।

-पीडी हथेश्वर,
उपसंचालक कृषि



हरिभूमि कार्यालय में सिटी लुक का विमोचन करते कलेक्टर संजय अग्रवाल, ननि कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, रमन विवि के कुलसचिव अरविंद तिवारी सहित अन्य।

# हरिभूमि के सिटी लुक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में शुक्रवार को सिटी लुक का विमोचन किया गया। विगत कई वर्षों से हरिभूमि सिटी लुक का प्रकाशन कर रहा है जिसमें शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों, महत्वपूर्ण स्थलों तथा विभिन्न आवश्यक जानकारियों को संकलित किया गया है। यह मैप आम नागरिकों के लिए मार्गदर्शिका के रूप में उपयोगी रहता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सिटी लुक की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल शहरवासियों को सुविधाजनक और व्यवस्थित जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

विमोचनअवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरविंद तिवारी, वाइब्रेंट एकेडमी के ऑफिस कॉर्डिनेटर रत्नेश केशरी,डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय के पीआरओ किशोर सिंह, नगर निगम के पीआरओ आदर्श दुबे मौजूद थे। हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने सिटी लुक के प्रकाशन की जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय संपादक प्रवीण शुक्ला, उपमहाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी सहित हरिभूमि परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## एक नजर में दिखेगा सारा शहर...

### आमजन के लिए उपयोगीः अग्रवाल

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि हरिभूमि द्वारा विगत कई वर्षो से सिटी लुक का विमोचन किया जा रहा है। इसमें शहर के चौक-चौराहों व सड़कों की पूरी जानकारी है, शहर के किस क्षेत्र में अस्पताल,कॉलेज,स्कूल व सुगम मार्गो से निकलने तक जानकारी दी गई है,जो कि शहर के आमजनों के लिए बेहद उपयोगी है।

### संरचना की संक्षिप्त जानकारीः सर्वे

ननि आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि नगर विकास से जुड़ी जानकारियों को इस तरह व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करना सराहनीय प्रयास है। इससे नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं और शहर की संरचना की जानकारी मिलती है।

### ज्ञानवर्धक जानकारीः तिवारी

डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरविंद तिवारी ने कहा कि यह प्रकाशन न केवल नागरिकों बल्कि विद्यार्थियों और नए लोगों के लिए भी मार्गदर्शिका का कार्य करता है। उन्होंने इसे ज्ञानवर्धक और उपयोगी पहल बताया। इससे नागरिकों को काफी सुविधा होगी।

### एक नजर में सिटी लुकः केसरी

वाइब्रेंट एकेडमी के कोआर्डिनेटर रत्नेश केशरी ने कहा कि हरिभूमि का सिटी लुक मैप आमजन के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें एक नजर में शहर की तमाम प्रमुख जगह व सड़कों का स्पष्ट जानकारी है। एक मिनट में शहर को देखकर आसानी से समझ सकते हैं।

### समाज को जोड़ने का कार्य

डॉ सीवी रामन पीआरओ किशोर सिंह एवं नगर निगम के पीआरओ आदर्श दुबे ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का प्रकाशन शहर की सकारात्मक छवि को प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। और समाज को जोड़ने का कार्य करती है। यह शहर की जानकारी को सरल और सुलभ बनाने का प्रभावी माध्यम है, जिससे आमजन को दैनिक जीवन में काफी सुविधा मिलती है। इसके माध्यम से हर वर्ग के लोगों को जानकारी मिलेगी।

# लकड़ी टाल के सामने आग की जद में आया मकान, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी थाना क्षेत्र के यादव आरा मिल लकड़ी टॉल के सामने निजी मकान में शुक्रवार की शाम 8 बजे शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि घर में रह रहे किराएदार जान बचाकर भागे। बताया जा रहा है कि घर का उपयोग हास्टल की तरह किया जा रहा था और छत पर शेडनुमा कमरा बनाया गया है, जिस पर जलाऊ लकड़ियां रखी गई थीं, इसलिए आग पर काबू पाने में मशक्कत करनी पड़ी है।

■ दो घंटे बाद भी नहीं पहुंची दमकल

शुक्रवार की शाम मस्तूरी के निजी घर में अचानक आग लग गई, आग की लपटें उठने के बाद घर में रह रहे किराएदार बाहर दौड़े, आग सबसे पहले छत पर लगी जहां जलाऊ लकड़ियां रखी गई थीं, आशंका व्यक्त कि जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण ही आग लगी है। जिस जगह पर घर बनाया गया है, उसके ठीक पीछे यादव आरामिल और टॉल है, जहां भारी मात्रा में लकड़ी रखी गई है। शाम 8 बजे लगी आग रात 10 बजे तक बुझाई नहीं जा सकी, दरअसल सूचना के 2 घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी।

वहीं पुलिस के पहुंचने के बाद घर में रह रहे लोगों को बाहर निकला गया है।



### गैरेज में खड़ी कार को लगाई आग

**बिलासपुर।** बीती रात राज किशोर नगर स्थित श्री हरि ऑटोमोबाइल्स में अज्ञात शरारती तत्वों ने गैरेज के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। आग की लपटें देख पड़ोसियों ने संचालक ज्ञान शर्मा और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुँची दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक आग पूरी तरह से जल चुकी थी।

गैरेज के संचालक ज्ञान शर्मा ने कहा कि आग जिस तरह से लगाई गई है, उससे लगता है कि गैरेज में खड़ी अन्य गाड़ियों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आग लगा दी गई है। उन्होंने कह कि पड़ोसी समय रहते दमकल को सूचना नहीं देते तो एक साथ कई गाड़ियां जलकर खाक हो जाती। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि इसके पिछले शरारती तत्वों का हाथ है। उन्होंने पुलिस से इलाके में नियमित गश्त बढ़ाने और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस अब गैरेज के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# गैस चूल्हा सुधारक के घर से 54 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गैस चूल्हे में सुधार कार्य करने वाले एवं हॉस्टल चलाने वाले के यहां छापामार कार्रवाई के दौरान खाद्य विभाग को अवैध तरीके से रखे गए 54 गैस सिलेंडर जब्त करने में सफलता मिली है। टीम को मौके से न केवल घरेलू, बल्कि व्यावसायिक सिलेंडर भी मिले हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक तौल मशीन और रिफिलिंग में काम आने वाली 7 नग बंशी भी जब्त की गई है।

■ अवैध भंडारण एवं रिफिलिंग को लेकर की गई कार्रवाई

छापेमारी का दौर कम क्या हुआ गैस की कालाबाजारी करने वालों ने एक बार फिर अपना पैर पसारना प्रारंभ कर दिया है। महामाया गैस चूल्हा नामक एक गैस सुधारक की दुकान में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की सूचना मिलने पर खाद्य विभाग द्वारा छापेमारी की गई थी। खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि महामाया गैस सुधारक एवं हॉस्टल संचालक लव निमेष जायसवाल के यहां 19 नग भरे गैस सिलेंडर 14. 2 किलोग्राम के अलावा 5 किलोग्राम वाले 35 नग घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इसी तरह गैस सिलेंडरो में अवैध रूप से रिफिलिंग करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 7 नग बंशी व एक इलेक्ट्रानिक तौल मशीन की भी जब्ती की गई है। इसी तरह के एक अन्य मामले में टीम के द्वारा विजय स्टील नामक दुकान में छापामारी के दौरान दो नग घरेलू गैस सिलेंडर तीन बंशी व एक तौल मशीन की जब्ती की गई है।



उल्लेखनीय है कि अमेरिका व ईरान युद्ध के दौरान बीते महीनों में घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आवक में कुछ दिक्कतें होने के कारण जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम के द्वारा लगातार छापेमारी की गई थी। शहर में गैस की कालाबाजारी करने वाले अनेक लोगों के गोदामों से गैस सिलेंडर व मशीनें जब्त की गईं थीं। कुछ समय तक यह सिलसिला लगातार चला, लेकिन इसमें थोड़ी कमी आते ही इसमें संलिप्त लोगों ने फिर से कालेबाजारी में सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। सालों से गैस की कालाबाजारी में जुड़े लोग शहर में अनेक स्थानों पर चोरी छिपे फिर से अपना कारोबार जमाने में लगे हैं।

# महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध तरीके से महुआ शराब बेचने पर कार्रवाई है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मामला कोटा थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कपसिया कला में एक व्यक्ति अपने कब्जे में भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब रख कर बेचने के फिराक में है। अधिकारी के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम कपसियां कला में रेड की गई जहां आरोपी धनी राम कुर्रे पिता धनक राम कुर्रे उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 150 लीटर महुआ शराब, 10 नग पन्नी में बंधा पाउच 5 लीटर, कुल 165 लीटर कच्ची महुआ शराब पाई गई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इसी प्रकार ग्राम लमकेना में रेड की कार्रवाई के दौरान आरोपिया श्रीमती रामशिला महादेवा पति अश्वनी महादेवा उम्र 48 वर्ष निवासी लमकेना से 65 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है।

### अवैध शराब का परिवहन, दो गिरफ्तार

गाड़ियों में शराब भरकर अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ सकरी पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हांफा मेनरोड में अज्ञात व्यक्ति शराब परिवहन कर रहा है। पुलिस सूचना के बाद मेनरोड हांफा रवाना हो गई और घेराबंदी कर एक व्यक्ति को रास्ते पर रोक लिया। स्कूटी की तलाशी लेने के दौरान 150 नग गोवा अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। बता जा रहा है कि आरोपी रवि वर्मा पिता अरूण वर्मा उम्र 26 साल जरौंधा तखतपुर का रहने वाला है। पुलिस ने स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बी जेड 0370 को जब्त कर लिया है। इसी प्रकार अवैध शराब के परिवहन के मामले में आरोपी योगेन्द्र कुमार यादव ऊर्फ अमन पिता बोधराम यादव उम्र 24 गिरधौना निवासी को शराब के साथ पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# 5 मई से किसानों को मिलेगी उन्नत तकनीक की जानकारी

**बिलासपुर।** 5 मई से किसानों को उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 5 मई से 20 मई 2026 तक "विकसित कृषि संकल्प अभियान" संचालित किया जाएगा। जिसके माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

अभियान के सफल आयोजन के लिए टीम गठित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। इसके लिए विभाग ने अलग-अलग विकासखंडों के लिए विशेषज्ञों की दो-दो टीम गठित की है। बिल्हा विकासखंड में कृषि विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा कौशिक, डॉ. स्वाति शर्मा, एडीओ श्री डी.पी. दिवाकर और श्री सी.पी. धुर्वे शामिल है। मस्तूरी क्षेत्र में हेमकांति बंजारे, डॉ. निवेदिता पाठक, एडीओ के.एस. मार्को और अनामिका वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

### महतारी वंदन के लिए ई-केवाईसी 30 जून तक

**बिलासपुर।** महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों की 30 जून तक जिले के चिन्हांकित सीएससी केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस/सीएससी केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। इसके लिए हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीकरण आईडी के साथ नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए किसी प्रकार के प्रिंटआउट या आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# डुप्लीकेसी की शिकायत, खाद्य सामग्री और कास्मेटिक के सैंपल जब्त

**बिलासपुर।** खाद्य और औषधी प्रशासन की टीम ने शुक्रवार की दोपहर व्यापार विहार स्थित सागर ट्रेडिंग कंपनी ने छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने कास्मेटिक और खाद्य सामग्रियों के सैंपल जब्त किए हैं। विभाग के अधिकारी सैंपल को रायपुर कार्यालय भेजकर जांच कराने की बात कह रहे हैं।

खाद्य और औषधी प्रशासन के सहायक कंट्रोलर भीष्म सिंह कंवर ने बताया कि विभाग को शिकायत मिली थी कि सागर ट्रेडिंग कंपनी में डुप्लीकेट सामान बेच जा रहा है, यहां से सामान चिल्हर विक्रेताओं तक धड़ल्ले से पहुंच रहा है, जिसके बाद विभाग ने टीम गठित कर छापा मार कार्रवाई की है। इस दौरान खाद्य सामग्रियों में चायपत्ती, नामी ब्रांड के गरम मसाले के साथ ही कास्मेटिक में फेयर लवली और कोलगेट के सैंपल जब्त किए गए है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी थोक दुकान में छापा मार कर सैंपल जब्त किया गया था, लेकिन अब तक उसकी रिपोर्ट नहीं आ सकी है।



कार्रवाई के दौरान संचालक से पूछताछ करती खाद्य विभाग की टीम।

सहायक कंट्रोलर ने लोगों से अपील की है कि हर सामान का पक्का बिल लेकर ही खरीदी की जाए साथ ही प्रोडक्ट पर क्यू आर कोड स्कैन कर उन्हें प्रथम दृष्टा में पहचान की जाए, ताकि डुप्लीकेट सामान को तुरंत ही पकड़ा जा सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### रामकुमार बने जिला साहू संघ के महामंत्री



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ के अध्यक्ष पुहुप राम साहू के द्वारा जिला साहू संघ का विस्तार किया गया। जिसमें डॉ रामकुमार साहू को महामंत्री के पद पर नियुक्ति दी गई। डॉ रामकुमार साहू पूर्व में जिला साहू संघ का संयुक्त सचिव एवं जिला साहू संघ मुंगेली के प्रवक्ता के पद पर रह चुके हैं एवं वे पूर्व जनपद सदस्य भी रहे हैं। राजनीति एवं सामाजिक स्तर में सक्रिय रहने के कारण उन्हे जिला साहू संघ मुंगेली का महामंत्री पद दिया गया है।

### डाइट पेंड्रा में विदाई समारोह वार्षिक उत्सव मनाया गया

**पेंड्रा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा में प्राचार्य जेपी पुष्प के संरक्षण में दो दिवसीय विदाई समारोह एवं वार्षिक उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनसे उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य रहा। इस प्रस्तुति ने शिक्षक-विद्यार्थी के बीच सशक्त संबंध, आपसी विश्वास और आत्मविश्वास को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। नृत्य में व्यायाम शिक्षक स्वप्निल सिंह पवार, शांति ओट्टी तथा डीएलएड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट तालमेल और ऊर्जा के साथ मंच पर आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिद्धार्थ गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नीलबहादुर काशीपुरी ने की। इस अवसर पर डाइट के समस्त स्टाफ सहित संस्थान में संचालित निशुल्क कोचिंग के विद्यार्थी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विदाई ले रहे विद्यार्थियों के सफल जीवन की कामना की गई। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर किए जा रहे नवाचारों और उन्हें प्रदान किए जा रहे मंचों की भी सराहना की गई।

### कृषि संकल्प अभियान 5 से 20 मई तक

**मुंगेली।** जिले में 5 से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना है, जिससे उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ खेती की लागत में कमी लाई जा सके। इसके लिए विकासखंड स्तर पर विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है, जो गांव-गांव पहुंचकर किसानों को मार्गदर्शन प्रदान करेगी। अभियान के दौरान मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों के संतुलित उपयोग, नील हरित काई के प्रयोग, जैविक खेती को बढ़ावा एवं खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही दलहन, तिलहन और मक्का जैसी फसलों के उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अलावा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, धान के स्थान पर दलहन-तिलहन फसलों के प्रोत्साहन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ दिलाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कृषि अधिकारियों ने किसानों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर नवीन तकनीकों को अपनाने और अपनी आय में वृद्धि के अवसरों का लाभ उठाने कहा है।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने वृद्ध आश्रम में किया प्रकल्प दर्शन



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में प्रकल्प दर्शन किया। सभी लोगों ने आरती के पश्चात रामायण पाठ किया। बड़ी संख्या में लोग शामिल थे, सभी ने मिलकर फल वितरण किया एवं उनके पसंदीदा चना मुर्रा, वस्त्र दान भी किया। इस कार्यक्रम में संरक्षक सदस्य रामकली तिवारी, जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, जिला महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, जिला उपाध्यक्ष मदन मोहन गुल्ला, पर्यावरण प्रमुख रेखा गुल्ला, सदस्य रीना झा एवं पद्मजा सिन्हा सफल बनाया।

### गीत-संगीत की छात्रों ने दी प्रस्तुति, कविता का किया पाठ



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के द्वारा उभरते कलाकारों के बीच ''प्रतिभा की खोज'' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एकल व समूह नृत्य, गीत, वाद्य यंत्र वादन एवं स्व-रचित कविताओं का पाठ किया गया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें मुख्य रूप से अनुराग, नीरज, मधु, कविराज, हर्षवर्धन, सोनाली, हिमानी, श्रावणी, रितिका, आकृति, नेल्सन, महिमा, चिन्मय, आदित्य, चानसी, टिया एवं सूर्यदेव रहे। कार्यक्रम संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ अतुल दुबे ने छात्रों को उक्त कार्यक्रम आयोजन के लिए बहुत बधाई दिए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुमोना भट्टाचार्य ने कला के प्रदर्शन करने के लिए इस समिति के माध्यम का प्रयोग हेतु छात्रों को प्रोत्साहित किया।

#### इतिहास बनने की दहलीज पर नगर की जीवनदायिनी नदी

# बहाव थमने व नालियों के गंदे पानी से बिगड़ी आगर नदी की सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर की जीवनदायिनी आगर नदी अब इतिहास बनती जा रही है किनारों के कटाव एवं नालियों का गंदा पानी नदी को दूषित कर रहा है। जगह-जगह बनाए गए एनिकट की देखरेख नहीं होने के कारण नदी का बहाव थम सा गया है, जिसके चलते नदी में रूका हुआ पानी दूषित हो रहा है। वही पर्यारण का भी संतुलन बिगाड़ रहा है, नदी के आसपास कटाव बढ़ने के कारण बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। चार वर्ष पूर्व आगर नदी सौंदर्यीकरण के लिए तात्कालीन मुख्यमंत्री की घोषणा एवं राशि स्वीकृति फाइलों में गुम होकर रह गई है।



जो आगर नदी जो कभी बारहमासी नदी कहलाती थी, गर्मियों में भी इसका बहाव रहता था एवं आम लोगों का निस्तार नदी के पानी से ही होता था, अब वह नदी सिर्फ बरसात में ही नजर आती है। बरसात के बाद नदी नाले का रूप ले लेती है, जिसमें शहरों का दूषित पानी बिना रोक-टोक के बहाया जा रहा है। शहर के नालियों का गंदा पानी आगर नदी में जाता है नदी में नालियों का गंदा पानी एवं जलकुंभी से पटे होने के कारण यहां नदी के बचाव के लिए कई बार आधे-अधूरे प्रयास किए गए, किंतु प्रयास निरर्थक ही साबित हुए। आगर नदी के सौंदर्यीकरण के लिए तात्कालीन मुख्यमंत्री ने करोड़ों रूपए की राशि स्वीकृत की थी, जो फाइलों में ही कैद होकर रह गई है। समय-समय पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नदी के किनारे दूषित पानी के लिए नाली बनाने एवं कटाव को रोकने तथा सौंदर्यीकरण के हिसाब से योजनाएं बनाई गईं। नदी के किनारे चौपाटी बनाने के संबंध में कई बार घोषणाएं हुईं, किन्तु इन घोषणाओं को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। समय रहते नदी के संदर्भ में ईमानदारी से जनजागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जागरूक नागरिक नदी के संरक्षण के लिए आवाज नहीं उठा पाए तो नगर की जीवनदायिनी आगर नदी इतिहास बन कर रह जाएगी। पर्यावरणविद शैलेन्द्र जायसवाल, प्रमोद पाठक ने इस संदर्भ में कहा कि, नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सामूहिक प्रयास से ही संभव हो पायेगा।



## पालचुवा स्कूल भवन क्षतिग्रस्त मामले में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम पालचुवा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है, जहां अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्कूल भवन की दीवार को क्षतिग्रस्त कर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शिक्षा के मंदिर माने जाने वाले विद्यालयों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए इस तरह की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 अप्रैल की रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विद्यालय की दीवार तोड़ी गई। अगले दिन 22 अप्रैल को सुबह लगभग 7.30 बजे जब विद्यालय के प्रधानपाठक चंदूराम अंचल स्कूल पहुंचे, तब घटना की जानकारी मिली। इसके बाद थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने प्रशासन सख्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग पर नियंत्रण एवं उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्र में गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर कुन्दन कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

■ गैस एजेंसियों व हॉटलों का किया गया निरीक्षण

निर्देश के परिपालन में राजस्व, खाद्य और नापतौल विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एलपीजी वितरकों के गोदामों में हॉटल एवं अन्य स्थानों की जांच कर उपलब्ध रिफिल सिलेंडरों का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही ऑनलाइन दर्ज स्टॉक और वास्तविक स्टॉक का मिलान किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पर कार्रवाई की जा सके। खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल ने बताया कि, जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार टीम द्वारा लगातार जांच और कार्रवाई की जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिले के गैस एजेंसियों, होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों में नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने अफवाहों से बचने और आवश्यकतानुसार गैस बुक करने की समझाइश दी है।

## गुम मोबाइल वापस पाकर खिले लोगों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




पुलिस ने 90 परिवारों को उनके गुम हुए मोबाइल लौटाए। मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खिल उठे। सभी ने पुलिस का आभार व्यक्त किये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जिला पुलिस ने गुम मोबाइल खोज अभियान के तहत एक बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस ने विभिन्न स्थानों में रिकवर किए गए 90 नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 13 लाख 50 हजार रुपए को उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह ने वास्तविक स्वामियों को सौंपकर अनूठी सौगात दी है। जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल और थानों की एक संयुक्त टीम गठित की गई थी। इस टीम ने भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए गुम हुए मोबाइलों को ट्रेस किया। कड़ी मशक्कत के बाद, टीम ने न केवल मुंगेली जिले बल्कि अन्य जिलों और राज्यों से भी इन मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता प्राप्त की। टीम ने आईएमईआई ट्रैकिंग और सर्विलांस के माध्यम से इन मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस कर गुम मोबाइलों को रिकवर किया गया है। 23 अप्रैल को साइबर सेल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान, उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह के द्वारा मोबाइल धारकों को उनके फोन सुपुर्द किए। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर आवेदकों मोबाइलधारकों के चेहरे खिल उठे। कई नागरिकों ने बताया कि, उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन वापस मिलेगा, उन्होंने मुंगेली पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए एसएसपी भोजराम पटेल का आभार व्यक्त किया।

## मल्टी इंटीग्रेटेड प्लांट को लेकर विवाद गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा-मुंगेली

जिले के फास्टरपुर क्षेत्र में प्रस्तावित मल्टी इंटीग्रेटेड प्लांट को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन तिवारी ने आरोप लगाया है कि, इस परियोजना के शुरू होने से आसपास के लगभग 20 गांव में पेयजल, निस्तारी और कृषि सिंचाई के लिए पानी की भारी कमी उत्पन्न हो सकती है।

■ कांग्रेस नेता ने जताई जलसंकट की आशंका, किया विरोध

उन्होंने बताया कि, फास्टरपुर क्षेत्र में हर साल फरवरी से जून के बीच अधिकांश बोरवेल सूख जाते हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। क्षेत्र में न तो कोई प्रमुख नदी है और न ही पर्याप्त नहर या जलस्त्रोत, जिससे भूजल स्तर का पुनर्भरण हो सके। ऐसे में बहे औद्योगिक संयंत्र के लिए भारी मात्र में पानी का दोहन पूरे इलाके को जल संकट की ओर धकेल सकता है। जानकारी के अनुसार, कैथ नवागांव में आरएसएलडी बायोफ्यूल्स प्रालि द्वारा 600 केएलडी क्षमता का रेक्टिफाइड स्पिट डिस्टिलरी, एथेनॉल प्लांट और 12 मेगावाट विद्युत उत्पादन इकाई स्थापित की जा रही है। इन संयंत्रों के संचालन के लिए प्रतिदिन बड़ी मात्र में पानी की आवश्यकता होगी, जिसे भूगर्भ से निकाला जाएगा। तिवारी का कहना है कि, इससे 20 किलोमीटर के दायरे में जलस्तर पर गभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि, इस मुद्दे पर सभी को आगे आकर जनहित में आवाज उठानी चाहिए। साथ ही प्लांट प्रबंधन से आग्रह किया कि, संयंत्र को ऐसे क्षेत्र में स्थापित किया जाए, जहां पानी के पर्याप्त पाकृतिक स्त्रोत उपलब्ध हों। तिवारी ने यह भी चेतावनी दी कि, 17 नवंबर 2025 को आयोजित पर्यावरणीय जनसुनवाई में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। इस मामले को राष्ट्रीय हरित अधिकरण और आवश्यकता पड़ने पर उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि, क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर जल्द ही जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थिति का आकलन किया जाएगा।

### मुंगेली से आकर नगर में सट्टा खिला रहे दो गिरफ्तार

**तखतपुर।** मुंगेली से तखतपुर आकर सट्टा खिला रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, नया बस स्टैंड वेलकप गेट के पास दो व्यक्ति अंकों का दांव लगाकर सट्टा खिला रहे हैं। सूचना पर पुलिस हरकत में आई और घेराबंदी कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मुंगेली शंकर नगर वार्ड मल्हापारा निवासी अभिषेक सिंह ठाकुर 35 वर्ष पिता स्व पवन सिंह, अश्मित गुप्ता पिता स्व हेम कुमार गुप्ता 22 वर्ष के पास से अंकों की सट्टापट्टी, मोबाइल तथा 1 लाख 85 हजार रूपए नकद जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



## दृष्टि कंप्यूटर संस्थान का निशुल्क प्रशिक्षण शुरू



**तखतपुर।** गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों के लिए एक सराहनीय पहल करते हुए दृष्टि कंप्यूटर संस्थान ने निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डिजिटल युग के अनुरूप तकनीकी रूप से सक्षम बनाना और उन्हें बेहतर करियर अवसरों के लिए तैयार करना है।

संस्थान के निदेशक परवेज भारमल ने बताया कि, यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम उन विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं व उनकी कंप्यूटर शिक्षा तक पहुंच सीमित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक कंप्यूटर स्किल्स, एमएस ऑफिस, इंटरनेट का उपयोग तथा डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रथम बैच 15 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 जून तक संचालित किया जा रहा है। द्वितीय बैच 1 मई से प्रारंभ होगा।

इसमें वर्ष 2026 में कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित व महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। कक्षाएं संस्थान के हाई स्कूल मेन रोड स्थित केंद्र पर आयोजित की जा रही हैं। संस्थान की इस पहल को स्थानीय समुदाय और शिक्षाविदों द्वारा खूब सराहा जा रहा है।

### युवा व्यक्तित्व निर्माण शिविर जारी

**तखतपुर।** व्यक्तित्व निर्माण युवा निशुल्क शिविर का 6 दिवसीय शिविर का आयोजन 24 से 29 अप्रैल तक सुबह 7 से रात्रि 8 बजे तक सांस्कृतिक भवन में किया गया है। यह जानकारी कोमल सिंह ठाकुर ने दी।

#### महिला आरक्षण को लेकर पूर्व विधायक की प्रेसवार्ता

## 2023 में पारित महिला आरक्षण बिल को करें तुरंत लागू: ममता

**मुंगेली।** महिला आरक्षण को लेकर पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने पत्रकारवार्ता का आयोजन किया। पत्रकारों से रूबरू होते हुए ममता चंद्राकर ने कहा कि, प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक झूठ बोल रहे हैं।

भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार झूठा भ्रम फैलाया जा रहा कि, कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका। महिला सांसदों के डर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा के कार्यवाही में भाग नहीं लिए। उन्होंने कहा, महिला आरक्षण बिल 128वां संविधान संशोधन सितंबर 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी हैं एवं यह कानून भी बन चुका है। भाजपा 2023 के आरक्षण बिल को क्यों लागू नहीं कर रही है, इस बिल के आधार पर तुरंत आरक्षण प्रभावी हो सकता है। सुश्री चंद्राकर ने कहा, महिला आरक्षण बिल को यदि तुरंत लागू करना है, तो परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत का आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती सरकार। कांग्रेस शुरु से महिला आरक्षण की पक्षधर– ममता चंद्राकर ने कहा कि, स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिल रहा है, यह भी कांग्रेस की नीतियों से संभव हो पाया। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, मायारानी सिंह, जागेश्वरी वर्मा, उर्मिला यादव, दीपक गुप्ता, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, अभिलाष सिंह, खुशबू वैष्णव, बिंदु यादव, शकीरा, ललिता सोनी, अनिता विश्वकर्मा, जाहिदा बेगम, निधि पौराणिक, वैशाली सोनी, आराधना तिवारी, साधना वर्मा, मनोरमा गुप्ता, ममता वर्मा श्रीनिवास ठाकुर उपस्थित रहे।




## 37 गर्भवती माताओं की जांच व उपचार



**दगोरी।** 'प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा' योजना के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 37 गर्भवती माताओं की जांच व उपचार मेडिकल ऑफिसर डॉ मंजुलता वर्मा ने किया। इस दौरान खून की जांच एल्ब्यूमिन सुगर, ग्रुप, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी, वीडीआर एल, यूरिन एल्ब्यूमिन सुगर, बीपी, ऊंचाई, वजन तथा पेट की भी जांच की गई। साथ ही गर्भवती माताओं को जरूरी सलाह के तहत टीटी के टीके लगवाने, प्रसव पूर्व चार जांच कराने, संस्थागत प्रसव कराने, ताजा पौष्टिक भोजन लेने व जरूरी दवा आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम की पूरी खुराक लेने की सलाह दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गर्भवती माताएं व उनके सहयोगी उपस्थित थे।